दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 209 | जयपुर, सोमवार, 08 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- तृतीया, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**IND vs ZIM 2nd T20:** भारत ने लिया बदला... जिम्बाब्वे को 100 रन से हराया

# अभि-ऋतु की बैटिंग... आवेश-मुकेश की बॉलिंग छाई

## जिम्बाब्वे में अभिषेक का तूफान... 6,6,6 से 47 गेंदों पर जड़ा शतक

**एजेंसी** | हरारे

भारत और जिम्बाब्वे के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच रविवार को यहां हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मैच में भारत ने जिम्बाब्वे को 100 रन की बड़ी शिकस्त देकर पहले मैच की हार का बदला ले लिया।

टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला कर 20 ओवर में 2 विकेट पर 234 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ 47 गेंद पर 77 और रिंकू सिंह ने 22 गेंद पर 48 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 47 गेंद पर शतक जड़ा। शुभमन गिल 2 रन बनाकर आउट हुए। जिम्बाब्वे के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी और वेलिंग्टन मस्काद्जा ने 1-1 विकेट लिए।





### खलील की जगह लिया साई को

भारतीय टीम ने प्लेइंग 11 में एक बदलाव किया। खलील अहमद की जगह साई सुदर्शन को मौका मिला। जिम्बाब्वे की प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं। सीरीज के पहले मैच में शनिवार को जिम्बाब्वे ने 13 जीत दर्ज करके 1-0 की बढ़त बनाई थी। जिसे भारत ने 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

### शर्मा का स्ट्राइक रेट 212.76

अभिषेक इस मैच में 47 गेंदों पर 100 रन बनाकर आउट हुए। उनका स्ट्राइक रेट 212.76 का रहा. जबकि अपने डेब्यू इंटरनेशनल मुकाबले में अभिषेक खाता भी नहीं खोल खोल सके थे। पिछले टी20 मुकाबले में अभिषेक 4 गेंद खेलकर खाता नहीं खोल सके थे, मगर इस मुकाबले में धमाल मचा दिया।

### अभिषेक शर्मा ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

अभिषेक शर्मा ने इस मैच में अपनी शतकीय पारी के दौरान कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। युवराज सिंह को अपना आदर्श मानने वाले अभिषेक शर्मा ने लगातार तीन छक्के लगाकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टी20 शतक पूरा किया। अभिषेक ने 11वें ओवर में अपना अर्धशतक (33 गेंद) पूरा किया और इसके बाद 14वें ओवर में शतक ठोक दिया। उन्होंने फिफ्टी लगाने के बाद 14 गेंद में 50 रन बटोरे। अभिषेक ने अपनी इस पारी के दौरान रोहित शर्मा का बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। अभिषेक ने अपनी पारी में आठ छक्के लगाए। इसी के साथ उन्होंने रोहित शर्मा का 2024 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रोहित ने 46, जबकि अभिषेक 47 छक्के से ज्यादा जड़ चुके हैं।





कट सकता है कनेक्शन..!!

## अब घरेलू पानी से गाड़ी धोई तो 1000 ₹ जुर्माना

**जयपुर** । राजस्थान में पीने के पानी का इस्तेमाल अब घरेलू के अलावा अन्य किसी काम के लिए नहीं किया जा सकेगा। घरों में सप्लाई होने वाले पानी से लोग न गाड़ी धो सकेंगे, न ही किसी निर्माण में इस्तेमाल कर सकेंगे। रेस्टोरेंट में भी घरेलू पानी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। अगर कोई भी पानी की बर्बादी करता है या घर में लीकेज मिलता है तो ऐसी स्थिति में एक हजार रुपए का जुर्माना लगेगा। इसे लेकर जनस्वास्थ्य और अभियांत्रिकी विभाग ने 5 जुलाई को अधिकारियों को सर्कुलर जारी किया है। इसके तहत पानी के गैर घरेलू उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। अगर घर में कहीं पानी का लीकेज है तो मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इसके तहत 1,000 रुपए का जुर्माना लगेगा। इसके बाद भी पानी की बर्बादी नहीं रुकी तो हर दिन 50 रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है। फिर भी सुधार नहीं होने पर कनेक्शन काटने और सजा का प्रावधान भी है



**जरूरी खबर**

### नीट-यूजी परीक्षा पर सुप्रीम सुनवाई आज





**नई दिल्ली।** गड़बड़ी और पेपर लीक जैसे विवादों से घिरी नीट-यूजी का भविष्य सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद तय होगा। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के सामने इस पूरे विवाद को लेकर अब तक करीब 38 याचिकाएं पहुंच चुकी हैं, इनमें ज्यादातर इस परीक्षा को रद्द करने की मांग वाली है, जबकि एक-दो याचिका परीक्षा को न रद्द करने की मांग वाली भी है। बता दें, नीट-यूजी की यह परीक्षा 5 मई को हुई थी, जबकि रिजल्ट चार जून को घोषित हुआ था।

### चूरू में सर्वाधिक वर्षा, फलोदी में तापमान

**जयपुर।** पूर्वी राजस्थान में अनेक स्थानों पर व पश्चिमी राजस्थान के कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, दौसा, करौली, जयपुर, डूंगरपुर जिलों में कहीं-कहीं पर भारी व अतिभारी वर्षा दर्ज की गई है। पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश सुरोत-करौली में 137 मिमी व पश्चिमी राजस्थान के तारानगर-चूरू में 141 मिमी दर्ज की गई। जहां तक तापमान की बात है, पिछले 24 घंटों में राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान फलोदी में 40.8 डिग्री तथा जैसलमेर में सबसे कम तापमान 30.2 डिग्री दर्ज किया गया।

**CM ने किया** राजपुरोहित छात्रावास का उद्घाटन...

# युवा वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति और समाज के विकास का मुख्य आधार है। शिक्षा से ज्ञान प्राप्त कर कौशल का विकास होता है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता विकसित होती है। शिक्षा हमें आत्मनिर्भर बनाती है और बेहतर जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करती है। युवा वर्ग भारत का भविष्य है, अच्छी शिक्षा हासिल कर वह राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएं। मुख्यमंत्री शर्मा ने रविवार को जयपुर में संतजनों के सान्निध्य में राजपुरोहित ग्लोबल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (राजपुरोहित छात्रावास) के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राजपुरोहित समाज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस छात्रावास का निर्माण शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण और सामाजिक सरोकार की सच्ची मिसाल है।



### युवाओं के सपने तोड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने हमारी युवा शक्ति को निराशा की गर्त में धकेल दिया था। पेपर लीक की घटनाओं से कड़ी मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का मनोबल टूट गया था। सरकार ने ठोस कार्रवाई करते हुए 108 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हम युवाओं के सपनों को तोड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं।

**और कहा...**

- पेपर लीक करने वालों के खिलाफ हो रही ठोस कार्रवाई
- 70 हजार भर्तियों से युवाओं को मिलेंगे अच्छे अवसर
- युवा बनें राष्ट्र का आधार, करें जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त

### मोदी ने युवाओं के लिए उठाए अहम कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता में शामिल हैं। उन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्रशक्ति के रूप में पहचान कर उनके लिए अनेक कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री शिक्षा प्रणाली को रोजगारोन्मुख बनाने, युवाओं को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने लायक बनाने और उन्हें वैश्विक नागरिक के रूप में तैयार करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 के बाद देश में उच्च शिक्षा संस्थानों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

### इस वर्ष 70 हजार पदों पर होंगी भर्तियां

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवा शक्ति की राज्य के विकास में सहभागिता बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए इस वर्ष लगभग 70 हजार पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को निजी क्षेत्र में कॅरिअर निर्माण में मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश के समस्त संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

### शिक्षा का बुनियादी ढांचा हो रहा मजबूत

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हर संभाग में इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस स्थापित किए जा रहे हैं।


### सीएम की पूर्व सीएम राजे से मुलाकात



सीएम भजनलाल शर्मा रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मिलने उनके सरकारी आवास पर पहुंचे। सीएम एक घंटे से ज्यादा समय तक राजे के आवास पर रुके। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच विधानसभा की 5 सीटों पर होने वाले उप चुनाव और बजट को लेकर चर्चा हुई है।

लोकसभा चुनावों से पहले भी सीएम भजनलाल शर्मा ने 26 जनवरी को राजे से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की थी। दोनों नेताओं की इस मुलाकात के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। अंदरखाने माना जा रहा है कि इस साल होने वाले विधानसभा उप चुनाव सीएम भजनलाल के लिए असली चुनौती है। ऐसे में राजे को साधना पार्टी के लिए काफी जरूरी हो गया है। वहीं, आज की मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच पीकेसी-ईआरसीपी को लेकर भी चर्चा होना बताया जा रहा है।

# जगन्नाथ रथ यात्रा में भगदड़ एक की मौत... 400 घायल



**एजेंसी** | पुरी

विश्व प्रसिद्ध पुरी जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। बलभद्र जी का रथ खींचे जाने के दौरान श्रद्धालुओं में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान 400 से ज्यादा श्रद्धालु नीचे गिर कर घायल हो गए। इस दौरान एक श्रद्धालु की मौत की खबर है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया दिया है, जिसमें 50 से ज्यादा श्रद्धालुओं को मामूली चोट आई थी। जानकारी के अनुसार बलभद्र जी का रथ खींचे जाने के दौरान भीड़ ज्यादा होने की वजह से भक्त आपस में खींच-तान करने लगे, जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई।

इसमें 400 से अधिक श्रद्धालु जमीन पर गिर गए। इससे एक श्रद्धालु की सांस घुटने से मृत्यु हो गई, जबकि सैकड़ों घायल हो गए। उन्हें मौके पर मौजूद आपातकालीन सेवा की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है। उनमें से 50 के मामूली चोटें आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### करीब 10 लाख श्रद्धालु उमड़े

इस पवित्र अवसर पर भगवान की एक झलक पाने के लिए हजारों भक्तगण जय जगन्नाथ और हरिबोल के नारे लगाते रहे। ऐसा अनुमान है कि इस मौके पर करीब 10 लाख श्रद्धालु एकत्रित हुए।

**जंगल से निकलकर** आबादी क्षेत्र के निकट पहुंचा बाघ टी-58

# रॉकी मृत मिला हिंदवाड़ा के पास

- वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**सवाईमाधोपुर।** रणथम्भौर की फलौदी रेंज से निकलकर रविवार सुबह जंगल से सटे हिन्दवाड़ गांव पहुंचा बाघ टी-20 'रॉकी' शाम को गांव के पास मृत मिला। इससे पूर्व सुबह 11 बजे हिंदवाड़ा के ग्रामीणों ने इस 12 वर्षीय बाघ को देखकर वन विभाग को सूचना दी थी। इस पर रणथम्भौर के कार्यवाहक डीएफओ मानस सिंह और क्षेत्रीय वनाधिकारी विष्णु गुप्ता मय टीम मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान गांव में अफरा-तफरी का माहौल था। उसने एक भैंस का शिकार भी किया था। फिलहाल बाघ के शव को नाका राजबाग स्थित वन्यजीवों के मुर्दाघर में रखवाया है। जहां सोमवार सुबह बाघ का पोस्टमार्टम और उसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने टी-58 के निधन पर उसे 'एक्स' पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।



वन विभाग के अनुसार बाघ के शरीर पर किसी भी तरह के कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में बाघ की मौत को संदिग्ध माना जा रहा है। बहरहाल, बाघ की मौत के कारणों का पता सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद लग सकेगा।

**सीएमओ के एक्स अकाउंट की गुड परफॉर्मेंस**

# छह महीनों के कार्यकाल में ही सोशल मीडिया पर छा गई भजन सरकार

- सीएमओ राजस्थान से तेजी से जुड़ रहे लोग
- कई राज्यों को पछाड़ा, जल्द बनेगा नम्बर वन
- एक्स अकाउंट पर फोलोअर्स की संख्या 2.5 मिलियन

**बेधड़क** | जयपुर

धोरां री धरती अब तकनीक और सोशल मीडिया के मामले में देश में तीसरे स्थान पर चल रही है। देश के दूसरे राज्यों को पछाड़ते हुए राजस्थान सरकार सीएमओ के एक्स अकाउंट पर फोलोअर्स की संख्या 2.5 मिलियन है। खास बात यह है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद राजस्थान सरकार और सीएमओ के एक्स अकाउंट पर फोलोअर्स की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार आने के बाद चलाए गए सोशल मीडिया कैम्पेन -"फैसले दमदार, काम असरदार" को खासा पसंद किया जा रहा है। यह भी एक प्रमुख कारण है कि सोशल मीडिया पर फोलोअर्स की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।





### ऐसे बढ़े फॉलोअर्स

| | 1 अप्रेल 2020 | जून 2024 | - वृद्धि |
|---|---|---|---|
| GOR | 3,24 k | 2.2M | 521% |
| CMO | 3,91k | 2.5M | 505% |

### तेजी से बढ़ रहे हैं फॉलोअर्स

एक्स पर सीएमओ देश में टॉप थ्री राज्यों में हैं। एक अप्रेल 2020 को एक्स हैंडल पर फोलोअर्स की संख्या 392 k (हजार) थी। वहीं साल दर साल यह संख्या बढ़कर 2.5 मिलियन हो गई है। यह बढ़ोतरी 505 फीसदी के आस पास है। साल दर साल अगर यह बढ़ोतरी होती रही तो आने वाले कुछ सालों में राजस्थान बाकी प्रदेशों से भी आगे हो जाएगा और नम्बर वन बन जाएगा।

### नई सरकार पर जताया भरोसा

दिसंबर में नई सरकार के गठन के बाद सीएमओ राजस्थान के एक्स अकाउंट पर फोलोअर्स की संख्या काफी बढ़ गई है। दिसंबर 2023 में जहां 2.2 मिलियन थी, वहीं सरकार के तेजी से किए गए कार्यों व रणनीति के चलते यह जून 2024 तक बढ़कर 2.5 मिलियन हो गई। तेजी से बढ़ते फोलोअर्स चर्चा का विषय बन गए हैं।

### इन राज्यों से आगे है CMO राजस्थान

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 57,28,027 |
| महाराष्ट्र | 39,52,105 |
| राजस्थान | 25,70,361 |
| मध्यप्रदेश | 20,72,898 |
| हरियाणा | 12,54,432 |
| छत्तीसगढ़ | 6,22,299 |
| गुजरात | 12,48,575 |
| दिल्ली | 9,94,462 |
| हिमाचल | 1,44,094 |
| बिहार | 4,40,098 |

### "फैसले दमदार, काम असरदार" कैम्पेन यूजर्स को आ रहा पसंद

इसके अतिरिक्त गवर्नमेंट ऑफ राजस्थान के सोशल मीडिया अकाउंट पर "फैसले दमदार, काम असरदार" नाम से एक विशेष कैंपेन चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य राज्य की जनता को सरकार की विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों के बारे में जागरूक करना है। इस कैंपेन को भी यूजर्स पसंद कर रहे हैं।

## जरूरी खबर

### असम राज्यपाल ने किया बर्ड पार्क का अवलोकन



**जयपुर।** असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने रविवार को उदयपुर शहर के गुलाबबाग स्थित बर्ड पार्क का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। साथ ही सफेद कबूतर छोड़कर शांति और सौहार्द का संदेश भी दिया। राज्यपाल कटारिया एवं सांसद डॉ. मन्नालाल रावत रविवार सुबह गुलाबबाग स्थित बर्ड पार्क पहुंचे। यहां उप वन संरक्षक मुकेश सैनी, उपवन संरक्षक (वन्यजीव) डीके तिवारी आदि ने उनका स्वागत किया। कटारिया ने बर्ड पार्क का अवलोकन किया और यहां की गतिविधियों की जानकारी ली।

### कल होगी कांग्रेस विधायक दल की बैठक

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में मंगलवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक आयोजित होगी तथा राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन सहित बाप के नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत समारोह राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया जाएगा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार को जयपुर के होटल मैरियट मे राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक होगी। इसमें राजस्थान विधानसभा के आगामी बजट सत्र को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए रणनीति तैयार होगी।

### निकाय चुनाव मजबूती से साथ लड़ेगी आप

AAM AADMI PARTY

**जयपुर।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में आगामी विधानसभा उपचुनाव और निकाय चुनाव को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है। प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक और राजस्थान प्रभारी विनय मिश्रा के साथ बैठक कर प्रदेश में संगठन विस्तार के लिए चर्चा की थी। उसके बाद से राजस्थान में जिलेवार बैठकों का दौर शुरू कर दिया। जयपुर में नवीन पालीवाल ने जयपुर जिला इकाई के साथ बैठक की और आगामी निकाय चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने बताया कि प्रदेश की जनता को मजबूत विपक्ष देने के लिए आप प्रतिबद्ध हैं। आगामी निकाय चुनाव में आप पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

**बीकानेर में बोले केंद्रीय मंत्री- नए कानून बनाने पर साल 2019 से शुरू हो गया था काम**

# नए कानून आमजन के लिए सुविधाजनक होंगे साबित: अर्जुनराम

**बेधड़क** | बीकानेर

केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि कानून आमजन के लिए सुविधाजन साबित होंगे। अब एफआईआर दर्ज कराना भी आसान हो जाएगा। कोई भी अपने घर बैठकर भी एफआईआर दर्ज करा सकेगा।

जीरो एफआईआर में जब पहले आदमी पिलर टू पिलर दौड़ता रहता था। ऐसी समस्याएं सामने आई तो इसका हल जीरो एफआईआर ही था। अब कोई भी आदमी घर से ही एफआईआर दर्ज करा सकेगा, जो सीधे ई-पोर्टल के माध्यम से संबंधित थानों में चली जाएगी। थाना मामले की जांच करना शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि कानून बदलने के लिए लगातार मांग उठ रही थी। सभी के सुझावों के आधार पर नए कानून बनाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री मेघवाल रविवार को बीकानेर में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कानून आमजन के लिए सुविधाजनक है। उन्होंने कहा कि नए कानून बनाने के लिए वर्ष 2019 से काम शुरू किया था। इसके लिए जजों, वकीलों, लॉ कॉलेज, सांसद और आमजन से भी राय मांगी गई है। इसके बाद इसमें तीन-चार संशोधन किए गए हैं, जो देश काल परिस्थिति के अनुरुप है। इससे पूर्व पांच शहरों में वर्कशॉप भी की। इसमें दिल्ली, चैन्नई, मुंबई, गुवाहाटी और कोलकाता में वर्कशॉप भी हुई।




### बजट में साकार होगी विकसित भारत की कल्पना

केंद्रीय बजट को लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि इसके लिए 22 जुलाई को बजट सत्र शुरू होगा और 23 जुलाई को बजट पेश किया जाएगा। यह विकसित भारत की परिकल्पना संकल्पना पर आधारित बजट होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बीकानेर भारत का सोलर हब बनेगा। सिरेमिक हब भी बनेगा।

### गर्मजोशी से किया स्वागत

चौथी बार लोकसभा सांसद बनने और दूसरी बार कानून मंत्री बने अर्जुनराम मेघवाल के रविवार सुबह बीकानेर पहुंचने पर रेलवे स्टेशन और उनके आवास पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया। आज सुबह से ही व्यास कॉलोनी स्थित मेघवाल के आवास पर समर्थकों के आने का सिलसिला जारी रहा। लोगों ने गुलदस्ता भेंटकर उनको बधाइयां दीं।

**कोटा में एक दिन में लगाए पांच हजार पौधे**

# ‘एक पेड़ मां के नाम’ बनेगा जन आंदोलन: ओम बिरला

**बेधड़क** | कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सानिध्य में रविवार को अनंतपुरा स्थित लव कुश वाटिका परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा के साथ नगर निगम ,यूआईटी और वन अधिकारी और बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

स्पीकर ओम बिरला ने बरगद का पेड़ लगाकर अभियान की शुरुआत की और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, बीजेपी विधायक संदीप शर्मा ने भी पौधे रोपित किए। इसके बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों स्कूली विद्यार्थियों परिसर में पौधरोपण बड़े स्तर पर अभियान चलाया और 5000 से अधिक पौधों का लगाए गए। कार्यक्रम में वन अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण का महत्व बताया और ऊर्जा मंत्री ने भी इस साल हीट वेव का जिक्र करते हुए पौधरोपण करने की अपील की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए दुनिया को संकल्पित होना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज देश में इस अभियान को लेकर उत्साह है। हमारी संस्कृति में हम धरती मां को मां मानते हैं, पेड़ लगाकर उसका संरक्षण हमारा कर्तव्य होना चाहिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान जन आंदोलन बनेगा।

### ‘हर व्यक्ति एक-एक पौधा अवश्य लगाए’

स्पीकर बिरला ने जनप्रतिनिधियों से भी अपने क्षेत्र में पौधरोपण करवाने की अपील की। इसके साथ ही संसदीय क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया। बिरला ने कहा कि कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र दूसरे क्षेत्र के लिए आदर्श बनें और हर व्यक्ति एक-एक पौधा अवश्य लगाए।



**हिंगोनिया-टूमली का बास में पौधरोपण**

## चाकसू विधायक ने किया अभियान का शुभारंभ



**बेधड़क** | चाकसू

ग्राम हिंगोनिया व टूमली का बास में रविवार को पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में चाकसू विधायक रामावतार बैरवा पहुंचे और उन्होंने पौधरोपण किया। भाजपा विधि प्रकोष्ठ जयपुर जिला देहात दक्षिण संयोजक एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत ने बताया कि विधायक रामावतार बैरवा, सरपंच संघ अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा, सवाई माधोसिंहपुरा सरपंच रामजीलाल यादव का साफा और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। हिंगोनिया व टुमली का बास में पौधरोपण भामाशाह हिम्मत सिंह राजावत के सानिध्य में किया गया। राजावत ने बताया कि इस दौरान 5000 पेड़ लगाए जाएंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने तीन साल तक पेड़ की रखरखाव जिम्मेदारी की शपथ ली। इस दौरान मेरा गांव राजस्थान का आदर्श गांव बने इसका सभी ने प्रण लिया गया। विधायक रामावतार बैरवा ने अपने संबोधन में गांव वालों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। विधायक ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करना सराहनीय कार्य हैं।

**उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ बोले**

## राजस्थान को इंडस्ट्रियल स्टेट बनाने के लिए करेंगे हरसंभव प्रयास



**बेधड़क** | जयपुर/कोटपूतली

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह रविवार को पावटा कस्बे में पहुंचे। यहां उन्होंने श्री राजपूत समाज कोटपूतली के तत्वाधान में आयोजित अभिनंदन समारोह में शिरकत की। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री राठौड़ ने समाज को संगठित रहने की बात कही। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है। पूर्ववती कांग्रेस सरकार ने राजस्थान को हर क्षेत्र में पिछड़ेपन की कतार में लाकर छोड़ दिया। राठौड़ ने कहा कि अब प्रदेश और केंद्र में डबल इंजन की सरकार है। प्रदेश के विकास के लिए योजनाएं बनाकर कार्य किए जाएंगे। ईआरसीपी के माध्यम से प्रदेश के 21 जिलों को जोड़कर पानी की समस्या खत्म की जाएगी। पानी की समस्या खत्म होने पर प्रदेश में उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। मंत्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान को इंडस्ट्रीलिस्ट स्टेट बनाने को लेकर हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्योग लगाने की प्रक्रिया का सरलीकरण करेंगे, ताकि उद्योग लगाने वालों को परेशान नहीं होना पड़े।

### जल्द लॉन्च किया जाएगा एप

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि सरकार जल्द ही एक एप लॉन्च करेगी। एप के माध्यम से उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान हो सकेगा और उन्हे कहीं चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मंत्री ने कहा कि पहले राजस्थान में लालफीताशाही होती थी। इसके चलते लोग यहां उद्योग लगाने से कतराते थे। अब राजस्थान में लालफीताशाही को खत्म काम किया जाएगा। इस दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

**मंत्री ने कुचामन में किया पहले पक्षी आवास का लोकार्पण**

## 650 फ्लैट में रहेंगे 3000 बर्ड्स

**बेधड़क** | जयपुर/कुचामनसिटी

कुचामन शहर में पर्यावरण प्रेमियों ने पक्षियों के लिए आवास का निर्माण करवाया। इसका रविवार को लोकार्पण किया गया. पक्षियों के बने आवास में कुल 650 फ्लैट्स हैं, जिनमें 3000 से अधिक पक्षी निवास कर सकेंगे। दरअसल, जीव दया सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से शहर में बनाए गए पहले पक्षी आवास का लोकार्पण राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी द्वारा किया गया। इस दौरान कुचामनसिटी नगर परिषद के सभापति आसिफ खान समेत अन्यजन मौजूद रहे।



**प्रदेशाध्यक्ष ने BJP कार्यकर्ताओं और आमजन का जताया आभार**

## प्रदेश में बनेगा विकास का इतिहास: जोशी

**बेधड़क** | जयपुर/ चित्तौड़गढ़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने रविवार को कपासन विधानसभा पहुंचकर चुनाव में मिले सहयोग और समर्थन के लिए सभी भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और आमजन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए जोशी ने कहा कि बीजेपी को मिली जीत सभी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की जीत है। बीजेपी की डबल इंजन की सरकार से प्रदेश में विकास का इतिहास बनेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान विपक्ष ने कई प्रकार के भ्रम फैलाए, लेकिन जनता ने जो ठाना करके दिखाया। इस दौरान जगह-जगह पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया।



**विद्या भारती शिक्षा संस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह**

# नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना सभी की जिम्मेदारी: वासुदेव देवनानी

■ 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा कर सकेंगे

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। देवनानी रविवार को कोटा में विद्या भारती शिक्षा संस्थान के प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता, देश प्रेम एवं मूल्यों की शिक्षा देकर उनमें देश के लिए समर्पण का भाव उत्पन्न करके हम 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा कर सकेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है।

देश सक्षम नेतृत्व के हाथों में है। हमारी युवा पीढ़ी में तेरा वैभव अमर रहे मां की सोच पैदा करेंगे, तभी हमारी शिक्षा सार्थक होगी। हमें रोजगारपरक शिक्षा देने के साथ ही संस्कारवान बनाने वाली शिक्षा देने की जरूरत है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विद्या भारती में छात्र-छात्राओं को संस्कार दिए जाते हैं और उन्हें अच्छे नागरिक बनाने का प्रयास किया जाता है। आतंकवाद, जातिवाद, भाई-भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए आज विद्या भारती के संस्कार की आवश्यकता है। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष एवं अन्य अतिथियों ने विद्या भारती शिक्षा संस्थान, कोटा के तहत संचालित विभिन्न विद्यालयों में दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं पुरस्कार से सम्मानित किया। इस विद्या भारती संस्थान से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्वयं से पहले राष्ट्र को दें प्राथमिकता

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आह्वान किया कि यहां से निकले छात्र डॉक्टर-इंजीनियर बनकर गरीबों की सेवा करने का भाव रखें। स्वयं से पहले राष्ट्र व समाज के प्रति कर्तव्य निर्वहन को प्राथमिकता दें और सब कुछ देश के लिए समर्पण करने का भाव लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्या भारती से जुड़े प्राचार्य एवं आचार्य नन्हें बच्चों को तराश कर उन्हें संस्कारी बनाएं।



### ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान में बने भागीदार

देवनानी ने कहा कि ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान को मां के साथ जोड़कर अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने की मुहिम शुरू की गई है। इस मुहिम में सभी भागीदार बनें। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि विद्या भारती में पढ़ने वाले विद्यार्थी यहां से ऐसे संस्कार लेकर जाएं कि वे पूरे विश्व में देश का नाम रोशन कर सकें। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि शिक्षकों का ध्येय शिक्षा के साथ-साथ विशिष्टता का भाव पैदा करना है। यहां से निकले छात्र राष्ट्र सेवा के भाव के साथ विविध क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं।



**जरूरी खबर**

### नहर के गणेशजी मंदिर में हुआ रविपुष्याभिषेक



**जयपुर।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड पर स्थित दाहिनीं सूंड दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज का प्रातः 11 बजे रवि पुष्य पर दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक किया गया। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि इस पावन अवसर पर मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सानिध्य में मंदिर परिवार द्वारा प्रभु गणपति का प्रातः 11 बजे दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक किया गया। श्री गणपति अथर्वशीर्ष एवं श्री गणपतिअष्टोत्तर शतनामावलि सहित ऋग्वेदोक्त गणपति मात्रिका के पाठ किए गए। इसके बाद गणपति को नवीन पौषाक व साफा धारण करवाकर 21 मोदकों व चूरमा का भोग लगाया गया।

### यज्ञ आलोक पथ, इससे मानवता का कल्याण भी: मिश्र



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि यज्ञ जीवन का आलोक पथ है। इससे तन, मन और जीवन ही सिद्ध नहीं होता बल्कि मानवता का कल्याण भी होता है। राज्यपाल रविवार को इंदिरा नगर स्थित पुष्पांजलि परिसर में चल रहे ललिता कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ स्थल पर देश भर से आए वैदिक विद्यार्थियों और संतों की उपस्थिति में बोल रहे थे। यह महायज्ञ राष्ट्र की उन्नति एवं गरीब कल्याण के ध्येय से आयोजित किया गया है। मिश्र ने इस दौरान श्री विद्या का विशिष्ट पूजन भी किया और उपस्थित संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया।

**मेहंदीपुर बालाजी महंत डॉ. नरेशपुरी ने किया श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन का समर्थन**

# प्रभु श्रीराम की तरह मथुरा में भी श्रीकृष्ण का बने मंदिर

**बेधड़क** | जयपुर

बालाजी महाराज घाटा मेहंदीपुर पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के आंदोलन के शुरुआत करने के फैसले का मैं स्वागत करता हूं, हम केवल मंच तक सीमित नहीं रहे, इस चेतना को जागृत रखते हुए, इस आंदोलन को आगे पहुंचाएं।

अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, इसी तरह श्री कृष्ण का भी भव्य मंदिर बनना चाहिए। श्री कृष्ण के रथ पर भी हनुमान जी विराजमान थे। हनुमान जी महाराज की हम पर कृपा है, हमें सफलता जरूर मिलेगी। डॉ. नरेशपुरी श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को लेकर महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में संयुक्त भारतीय धर्म संसद के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। कार्यक्रम की शुरुआत में महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर कथा वक्ता आचार्य राजेश्वर, कालीचरण सराफ और पंडित सुरेश मिश्रा भी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और इस आंदोलन का समर्थन किया।





**तीन कॉलेज स्टूडेंट का किडनैप, पुलिस ने 4 घंटे में छुड़ाया**

# रास्ते में रोका... लाठी-डंडों से मारा और कार में पटक ले गए

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में बदमाशों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। अब बदमाश तीन कॉलेज स्टूडेंट को किडनैप कर ले गए और 5-5 लाख रुपए की फिरौती मांगी। पुलिस ने मात्र 4 घंटे में स्टूडेंट्स को छुड़ा लिया। मामला, जयपुर के रामनगरिया थाना इलाके में शनिवार देर रात का है।

डीसीपी (ईस्ट) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि लोटस विला के मेन गेट के पास से हथियारबंद बदमाशों ने तीन युवकों तरुण, हर्ष और हिमांशु को लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। इसके बाद पिस्तौल दिखाकर उन्हें कार में बैठाकर ले गए। पुलिस ने 4 घंटे में किडनैप तीनों युवकों को छुड़वाकर 2 आरोपियों को अरेस्ट किया। मास्टरमाइंड सुनील अपने 4-5 साथियों के साथ भाग निकला। पूछताछ में सामने आया है कि किडनैप किए गए तीनों दोस्त करेंसी और यूट्यूबर का काम करते हैं। इसके चलते सुनील ने प्लानिंग के तहत तीनों दोस्तों का किडनैप किया। मारपीट कर तीनों दोस्तों के 3 लाख क्रिप्टो अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने किडनैपिंग में यूज दोनों कार और एक पिस्तौल जब्त की है।





### बदमाशों के आते ही एक दोस्त भाग निकला

मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस जांच में सामने आया है कि रात करीब 10:45 बजे अर्टिगा कार में बैठकर तरुण, हर्ष, हिमांशु और यश जगतपुरा की ओर जा रहे थे। करीब 15 मिनट बाद बदमाशों ने उन्हें रोका। दो कारों में आए 7-8 बदमाश लाठी-डंडों से लैस थे। स्विफ्ट और अमेज कार में आए बदमाशों के नीचे उतरते ही यश गाड़ी छोड़कर भाग निकला। बदमाशों ने बाकी तीनों को किडनैप कर लिया। तीनों युवक प्राइवेट कॉलेज के स्टूडेंट हैं। बदमाश युवकों की कार को साथ ले गए, लेकिन वे कार को मालवीय नगर के डी-मार्ट के पास छोड़ गए।

### मोबाइल से आरोपियों की लोकशन ट्रेस

बदमाश तीनों युवकों को किडनैप कर चाकसू के नैनवा गांव में ले गए। यहां तीनों को 5-5 लाख रुपए की फिरौती मंगवाने के लिए कहा। इस दौरान पुलिस तीनों युवकों की मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर नैनवा पहुंच गई। पुलिस ने दो आरोपियों रिषभ चौधरी (20) निवासी चाकसू और विक्रम सिंह (21) निवासी लसवारिया केकड़ी को पकड़ कर तीनों युवकों को आरोपियों के चंगुल से छुड़वा लिया। आरोपियों की दोनों कारों को भी जब्त कर लिया गया है।

**सरकार ने उठाया सख्त कदम**

# SMS प्लाज्मा प्रकरण में 4 को नोटिस, 6 पर कार्रवाई को लिखा



**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मानसिंह हॉस्पिटल प्लाज्मा प्रकरण में सरकार ने सख्त एक्शन लिया है। ब्लड बैंक में प्लाज्मा खराब होने के प्रकरण में जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार ने 4 चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही जांच में दोषी 6 अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ग्रुप-2 और ग्रुप-3 को पत्र भी लिखा है।

एसएमएस के प्लाज्मा प्रकरण को चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने गंभीरता से लेते हुए जांच करवाने और दोषी अधिकार-कार्मिकों पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रकरण में गठित जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, पूर्व अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, आचार्य आईएचटीएम डॉ. प्रमेन्द्र पचौरी और ट्रोमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग धाकड़ को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इन अधिकारियों को प्लाज्मा के रखरखाव में लापरवाही, अनियमितता और पर्यवेक्षणीय लापरवाही के लिए दोषी मानते हुए नोटिस जारी किया गया है।

शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रकरण में अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रकाश चंद्र गोयल और डॉ. अखिलेश कुमार को दोषी मानते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ग्रुप-2 को नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अनुमोदित टेक्निकल सुपरवाइजर प्रभु सिंह मण्डीवाल, अमित भारद्वाज, अनुमोदित टेक्नीशियन राजकुमार जैन और कृष्ण गोपाल अग्रवाल पर कार्रवाई के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ग्रुप-3 को पत्र लिखकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई**

# हर व्यक्ति के हाथ में कपड़े का थैला हो

**बेधड़क** | जयपुर

जगतपुरा स्थित रिहायशी सोसाइटी में रविवार को कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। साथ ही प्लास्टिक कैरी बैग्स उपयोग नहीं करने, कचरे का समुचित प्रबंधन करने एवं पर्यावरण संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने कहा कि मंडल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर कपड़े के थैले वितरित करने की इस मुहिम का एक ही उद्देश्य है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक के हाथ में प्लास्टिक कैरी बैग की जगह कपड़े का थैला दिखाई दे। साथ ही व्यापारिक संस्थानों एवं दुकानों पर भी कपड़े के थैले ही उपयोग में लिए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि मंडल की यह मुहिम तब तक जारी रहे जब तक प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में कपड़े का थैला नहीं आ जाता। एन विजय ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रदूषण मुक्त राज्य की संकल्पना को साकार करने के क्रम में राज्य अग्रसर है और सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक कैरी बैग्स का उपयोग न के बराबर हो इसके लिए सार्थक प्रयास धरातल स्तर पर किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यालय कार्यों, नियम- कायदे बनाने के साथ उन्हें समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना हमारी मौलिक जिम्मेदारी है। इसके तहत घर-घर तक इस मुहिम को लेकर जा रहे हैं।

### शुभकामनाएं...



*जयपुर। भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ के एक साल का कार्यकला पूरा होने पर सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एवं एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। शर्मा की ओर से जनरल मैनेजर एवं मैनेजिंग एडिटर दशरथ सिंह ने वशिष्ठ को श्री राम प्रभु का विग्रह स्वरूप भेंट किया। इस मौके पर भाजपा मीडिया टीम के चंपालाल रामावत, आकाश एवं समस्त टीम उपस्थित रही।*

**सीए दीक्षांत समारोह**

# परिजनों की मौजूदगी में मिली डिग्री, हवा में टोपी उड़ाकर किया सेलिब्रेट

**बेधड़क** | जयपुर

दी इन्सटीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की सेन्ट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल की ओर से दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की ओर से 900 नए सीए सदस्यों को उनके परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में मैंबरशिप सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। यहां सीए डिग्री लेने वाले स्टूडेंट्स की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, उन्होंने गाउन पहनकर हवा में टोपी उड़ा कर अपने जीत का सेलिब्रेशन किया।

इस मौके पर सीए समिता नरवाण ने कहा कि सभी सीए की सेम कहानी होती है। हर सीए की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए बड़ा स्ट्रगल होता है। आज हमारे लिए बड़ा दिन है, क्योंकि एक समय था जब हम पढ़ते हुए सपना देखते थे कि एक समय आएगा तब हम भी यह डिग्री हासिल करेंगे। आज हमारा सपना सच हुआ है।



### फाइनल में काफी परेशानी आई

सीए आशीष शर्मा ने बताया कि सीए का शुरुआती सफर काफी अच्छा था, लेकिन उसके बाद फाइनल काफी परेशानी आई और सी बनने मुझे काफी साल लगे, फाइनल करने में मुझे 5 साल लगे। हालांकि, सीए बनकर मुझे काफी गर्व हो रहा है, क्योंकि भारत में 4 लाख अकाउंटेंट है, जिनमें से मैं भी एक हूं। उन्होंने बताया कि सीए बनने के लिए उन्हें औडिट और कोस्टिंग में काफी परेशानी आती है। हालांकि नए सिलेबस में कोस्टिंग को हटा दिया गया है।

### लाइफ के डिफरेंट होते हैं प्लान

अलवर की पलक मिश्रा ने बताया- कक्षा 12वीं तक ऐसा कुछ नहीं था कि मुझे सीए करना है या कुछ प्रोफेशनल कोर्स करना है। प्रोफेसर की सलाह पर सीए को चुना, फिर एक-एक लेवल करते रहे तो शुरू में काफी डर लगा, लेकिन डिसिपलिन और कंसिसटेंट हो तो सीए करने में किसी तरह की मुश्किल नहीं आती। सीए की डिग्री लेने के बाद प्रिया ने कहा- 12वीं तक कभी नहीं सोचा था कि सीए करना था। मुझे सीए नहीं करना था, लेकिन लाइफ के डिफरेंट प्लान होते हैं, ऐसे में मैंने सीए करना पड़ा। एक दौर आया था कोरोना के समय तब सोचा सीए करना छोड़ देते है, लेकिन परिवार के समझाने पर कोर्स जारी रखा और आज तमाम उतार-छड़ाव के बाद आज सीए की डिग्री मेरे हाथ में है। सीए प्रकाश शर्मा, समन्वयक और सेन्ट्रल काउसिंल मैंबर, सीए रोहित रूवाटिया अग्रवाल समन्वयक व सेन्ट्रल काउसिंल मैम्बर ने बताया कि इस कार्यक्रम के यूडीएच मंत्री, राजस्थान सरकार झाबर सिंह खर्रा और राजस्थान हैरिटेज कनजरवेंन्शन चेयरमैन ओंकार सिंह लखावात मौजूद रहे।

### उदयपुर में रथ यात्रा शुरू होने से पहले 21 तोपों से दी गई सलामी

# शाही ठाठ-बाट से निकली जगन्नाथ रथ यात्रा





**बेधड़क** | उदयपुर

उदयपुर में पुरी की तर्ज पर रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। शाही ठाठ-बाट से उदयपुर के ऐतिहासिक जगदीश मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा के साथ अलग-अलग शोभायात्राएं भी नजर आईं, वहीं भजनों पर भक्त झूमते गाते हुए भगवान के जयकारों के साथ आगे बढ़ते दिखे। जगदीश मंदिर में रथ यात्रा शुरू होने से पहले 21 बंदूकों की सलामी दी गई।

रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों का हुजूम उमड़ा। रास्ते में जगह-जगह भगवान जगदीश का स्वागत किया गया। भगवान जगन्नाथ स्वामी, माता महालक्ष्मी, दानी रायजी की श्रृंगारित मनमोहन प्रतिमाएं राजसी वस्त्र धारण किए हुए भक्तों को दर्शन देने के लिए चांदी के रथ में सवार होकर यात्रा पर निकले। इस दौरान पूरा शहर भगवामई हो गया। उदयपुर वासियों में जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। रथयात्रा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र श्रीमाली ने बताया कि पूरे शहर का चक्कर लगा कर रथ यात्रा पुनः जगदीश मंदिर आती है, जहां पर भगवान जगन्नाथ की महाआरती होती है। भगवान को रजत रथ के साथ ही यात्रा के पूरे मार्ग पर हजारों की संख्या में केसरिया झंडे लगाए गए। यात्रा में शामिल भक्त और रथ को खींचने वाले भक्त पारंपरिक ड्रेस सफेद कुर्ता-पायजामा, धोती, अंगरखी सिर पर पाग धारण किए थे।

### रथ में 80 किलो चांदी का इस्तेमाल

भगवान जगन्नाथ के पुराने रथ को बिना किसी नुकसान के नए रूप में बनाया गया गया है। पहले 49.700 किलो की चांदी से रथ बना था, लेकिन अब इसमें 30 किलो चांदी जोड़ा गया यानी रथ को बनाने के लिए कुल 80 किलो चांदी का इस्तेमाल हुआ। इसके साथ ही रथ के शिखर पर सोने का छत्र है। रथ 8 फीट चौड़ा, 16 फीट लंबा और 21 फीट ऊंचा है, जिसका कुल वजन 30 टन है। इस रथ को पिछले दो महीने से तैयार किया गया। भगवान के सिंहासन को यथावत रखा गया। नए खंभों पर हैदराबादी नक्काशी की गई। रथ को भक्तों ने रस्सी से खींचकर भगवान जगन्नाथ को नगर भ्रमण कराया।

## जरूरी खबर

### मचकुंड सरोवर में डूबने से युवक की मौत



**धौलपुर।** शहर के मचकुंड सरोवर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा रविवार दोपहर उस समय हुआ जब मृतक अपने दो दोस्तों के साथ नहाने के लिए मचकुंड सरोवर गया था। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। शहर के भामतीपुरा निवासी 22 वर्षीय युवक अमित कुशवाहा अपने दो अन्य दोस्तों के साथ मचकुंड सरोवर में नहाने गया था। मचकुंड सरोवर में घाट पर नहाने के दौरान अमित का पैर फिसल गया तथा वह गहरे पानी में डूब गया।

### चाकसू: करंट से महिला की मौत बालक झुलसा

**चाकसू।** उपखंड में रविवार को दो अलग-अलग हादसे में करंट से एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि 11 हजार केवी विद्युत की लाइन की चपेट में आने से एक बारह वर्षीय छात्र अन्ना पुत्र सतेंद्र बुरी तरह झुलस गया। जानकारी के अनुसार रविवार को शिवदासपुरा थाना क्षेत्र के श्याम एनक्लेव कॉलोनी में पूजा पत्नी भगवान सहाय जांगिड़ घर पर ही सफाई कर रही थी। इस दौरान घर में लगे कूलर में करंट आ गया और वह उसकी चपेट में आ गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल मे भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### झुंझुनूं में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विवादित बोल...

# 'विदेशी महिला से पैदा हुआ बेटा नहीं कर सकता देश का भला'

**बेधड़क । झुंझुनूं**

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने नेता विपक्ष राहुल गांधी पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने देश के नागरिकों को हिंसक और झूठा कहा। देश का इससे बड़ा अपमान नहीं हो सकता। उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। शिक्षा मंत्री ने कहा विदेशी महिला से पैदा बेटा देश का भला नहीं कर सकता। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रविवार को झुंझुनूं जिले के दौरे पर थे। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए दिलावर ने राहुल गांधी के बयान, कोचिंग छात्रों के सुसाइड और किरोड़ी लाल मीणा के इस्तीफे को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता ने पूरे देश के लोगों को हिंसक और झूठा कहा। इससे बड़ा अपमान हिंदुस्तान और हिंदुओं का नहीं हो सकता। पता नहीं कांग्रेस किसके इशारे पर चल रही है। इन्हें कौन प्रेरणा दे रहा है।



### विधानसभा सत्र के बाद होंगे तबादले

शिक्षकों के तबादलों को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षकों के तबादले जब होंगे तो जानकारी दे दी जाएगी। विधानसभा चलती है तो तबादले नहीं होते। भर्ती में प्रावधान होता है कि टीचर का जिले के बाहर ट्रांसफर नहीं होता। फिर भी टीचर्स की पीड़ा समझते हुए मंत्रिमंडल विचार कर रहा है। तबादला नीति जब लागू करेंगे तो जानकारी दे देंगे। डेपुटेशन पर एक जनवरी से पहले से जो टीचर्स जमे हुए हैं उनकी लिस्ट बनाकर डेपुटेशन रद्द करेंगे।

### सच साबित हो रही है चाणक्य की बात

उन्होंने कहा चाणक्य ने कहा था कि विदेशी महिला के पेट से पैदा होने वाला व्यक्ति या बेटा देश का भला नहीं कर सकता। वह देश के खिलाफ ही कार्रवाई करेगा। चाणक्य की बात सच साबित हो रही है। क्योंकि राहुल गांधी विदेशी महिला के पुत्र हैं। इसलिए लगातार देश के खिलाफ बोलते रहते हैं। पहले भी उन्होंने कहा था कि हिंदू मंदिर में लड़कियां छेड़ने जाते हैं। यह हिंदू बहनों और भाइयों के लिए अपमानजनक टिप्पणी थी। अब उन्होंने कहा कि हिंदू हिंसक और झूठे हैं। यह कहकर उन्होंने हिंदू समाज, साधु-संतों, हमारे पूर्वजों, आगे की पीढ़ी और हमारा घोर अपमान किया है। किसी भी कीमत पर देश की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।





### सुसाइड के लिए सिर्फ कोचिंग जिम्मेदार नहीं

कोचिंग संस्थान में छात्रों के सुसाइड केस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि सुसाइड के लिए सिर्फ कोचिंग संस्थान जिम्मेदार नहीं हैं। छात्र की संगत और माता-पिता भी जिम्मेदार हैं। माता-पिता बच्चों से उनकी क्षमता से अधिक अपेक्षा करते हैं। बच्चे की क्षमता के हिसाब से उन्हें सब्जेक्ट सिलेक्ट करवाने चाहिए। डॉक्टर और इंजीनियर बनाना ही एकमात्र रास्ता नहीं है। आर्ट विषय पढ़कर भी कामयाबी हासिल कर सकते हैं। मंत्री दिलावर ने किरोड़ी लाल मीणा के इस्तीफे पर कहा कि मंत्री कौन बनेगा, ये फैसला आला कमान करेगा।

### खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे थे

# ट्रक में घुसी कार, बेटी सहित पिता की मौत



**बेधड़क** | अजमेर

खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे परिवार की कार जयपुर-अजमेर हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पिता और डेढ़ साल की मासूम बेटी की मौत हो गई। सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों में युवक की पत्नी, बड़ी बेटी और मां भी शामिल हैं। हादसा रविवार सुबह 9 बजे अजमेर के किशनगढ़ में बांदरसिंदरी थाना इलाके के पाटन में NH-48 (जयपुर-अजमेर हाईवे) पर हुआ। सभी को घायलों को किशनगढ़ जिला हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। बांदरसिंदरी एसएचओ पारूल यादव ने बताया कि शवों को किशनगढ़ जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाए हैं। अजमेर के माकड़वाली यूआईटी इलाके में रहने वाले परिवार के 8 सदस्य ड्राइवर को लेकर इको कार से खाटूश्यामजी दर्शन के लिए गए थे। एक ही परिवार के है सारे लोग पुलिस के मुताबिक, कार में सवार माकड़वाली यूआईटी कॉलोनी (किशनगढ़) निवासी रवि सिंधी (35) पुत्र किशनसिंह और उसकी डेढ़ साल की बेटी प्राक्षी की मौत हो गई।

रवि की पत्नी पूनम (34), बड़ी बेटी साक्षी (9), रवि की मां पुष्पा (58), पहाड़गंज अजमेर निवासी मुकेश (38) पुत्र किशनसिंह, मुकेश की पत्नी भूमिका (37), मुकेश की बेटी रवीना (14) और कार ड्राइवर श्रीनगर के बीर इलाके का रहने वाला जितेंद्र (32) पुत्र गोपालसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने फंसे हुए लोगों को कार से निकाला। सूचना पर बांदरसिंदरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

## हादसे में मां-बेटे की मौत

**चूरू।** जिले के सरदारशहर थाना इलाके में घर का सामान खरीदने जा रहे बाइक सवार मां-बेटे को सामने से आई तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसा इतना खतरनाक था कि महिला के शरीर के दो टुकड़े हो गए। बेटा भी उछलकर 40 फीट दूर जा गिरा। उसने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दौरान बाइक में भी आग लग गई। सरदारशहर थाने के हैड कांस्टेबल श्याम सिंह ने बताया कि बंधनाऊ गांव निवासी कृष्णा देवी (47) पत्नी प्रभुराम सारण और उनका बेटा प्रदीप कुमार सारण (22) रविवार सुबह बाइक पर सरदारशहर जा रहे थे। इसी दौरान बीकानेर हाईवे पर सवाई और बंधनाऊ गांव के बीच पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी।

### एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का एक्शन

# बहुचर्चित मुल्लाका मर्डर केस में 3 साल से फरार इनामी बदमाश अरेस्ट

**बेधड़क** | जयपुर

ऑनलाइन जयपुर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने डीग जिले के कामां थाना इलाके में 3 साल पहले बहुचर्चित रहे देवी राम मुल्लाका हत्याकांड के तीन और आरोपियों को पकड़ लिया है।

तीनों आरोपियों पर एसपी डीग द्वारा 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। 3 साल से फरार चल रहे तेरह आरोपियों में से सात को पिछले 10 दिनों में एजीटीएफ ने पकड़ कामां पुलिस के सुपुर्द किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव के सुपरविजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के नेतृत्व में वांछित अपराधियों, गैंगस्टर इत्यादि के बारे में आसूचना के संकलन के लिए एएसआई शैलेंद्र कुमार शर्मा, हैड कांस्टेबल मदनलाल शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा की एक टीम भरतपुर रेंज रवाना की गई। एडीजी एमएन ने बताया कि टीम को मिली सूचना पर एसपी डीग राजेश मीणा के समन्वय व एसएचओ कामां मनीष शर्मा मय टीम के सहयोग से 25-25 हजार के इनामी आरोपी बनवारी गुर्जर पुत्र रामपाल, रामेश्वर गुर्जर पुत्र चेतराम एवं भगत सिंह गुर्जर पुत्र नेतराम निवासी मुल्लाका को कस्बा कामां से पकड़ा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के नेतृत्व में की गई इस संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र शर्मा, हैड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका रही। कार्रवाई में एसएचओ कामां मनीष शर्मा मय टीम का सराहनीय सहयोग रहा।




### क्या है मामला

एडीजी ने बताया कि 11 जून, 2021 की सुबह खरीदारी करने बाइक लेकर कामां के लिए निकले देवी राम गुर्जर निवासी मुल्लाका पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रामावतार पुत्र रामप्रसाद पक्ष के 20-22 व्यक्तियों ने लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया और मरा समझकर हवाई फायर करते हुए गांव आए। गांव में भी फायरिग की, जिसमे तीन बच्चे व चार अन्य घायल हो गए। गंभीर घायल देवीलाल ने जयपुर लाते समय महुआ से पहले दम तोड़ दिया।

### पहले ही हो चुके हैं आठ आरोपी गिरफ्तार

मामले में थाना पुलिस द्वारा पूर्व में आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया था। घटना के बाद से ही 13 आरोपी फरार चल रहे थे, जिन पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया। मामले में एजीटीएफ ने 26 जून को पलवल से आरोपी राम अवतार गुर्जर एवं थाना खोह से बबलू गुर्जर को तथा 4 जुलाई को कैथवाड़ा के पास से बलराज गुर्जर व रामप्रसाद गुर्जर को डिटेन किया गया था। मात्र 10 दिनों के अंदर एजीटीएफ ने घटना में फरार सात आरोपियों को पकड़ लिया है।

### अलवर में दो साइबर ठगों को दबोचा

**अलवर।** अलवर जिले में साइबर ठगों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानस 'एंटी वायरस' के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले दो साइबर ठगों को गिरफ्तार करके ठगी में प्रयुक्त आठ मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन ठगी करने वाले बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तैयब खान (45) और आसिफ मेव (20) को गिरफ्तार करके उनसे आठ मोबाइल जब्त किए हैं। दोनों आरोपी सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर सस्ते में लैपटॉप बेचने का झांसा देकर ठगी किया करते हैं।

**SKIT कॉलेज में बीटेक, एमटेक एवं एमबीए के बैच 2022 एवं 2023 पासआउट स्टूडेंट्स का डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन समारोह**

# डिग्री पाकर खिले चेहरे, 4 गोल्ड मेडलिस्ट, 945 को डिग्री

■ **बीते साल के सभी प्रमुख ब्रांचेज में से कई स्टूडेंट्स रहे टॉपर**

बेधड़क | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसकेआईटी) के बैच 2022 और 2023 बैच के बीटेक, एमटेक और एमबीए के 945 स्टूडेंट्स का भव्य डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन समारोह रविवार को कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर इन बैच में अपने इंजीनियरिंग ब्रांच में प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर रहने वाले गोल्ड मेडलिस्ट कॉलेज के स्टूडेंट्स विनय व्यास, राशि किनरा, अवेधश चेष्टा और हर्षिता शर्मा ने डिग्री प्राप्त की।

इससे पूर्व सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में कॉलेज के चीफ पैट्रन राजाराम मील, चेयरमेन सुरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, प्रिंसिपल प्रो. रमेश कुमार पचार, डीन डॉ. आर के जैन, फैकल्टी अफेयर्स हेड मुकेश अरोडा, कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर नवल किशोर जांगिड़ समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक जयपाल मील ने विद्यार्थियों को उनके आगामी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की।

उन्होंने बताया कि अब कॉलेज ऑटोनोमस हो गया है एवं आने वाले समय में कॉलेज से निकलने वाली प्रतिभाएं पूरी दुनिया में अपनी छाप छोडेगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख ब्रांचेज में प्रदेशभर में एसकेआईटी के स्टूडेंट्स ने परचम लहराया है, जो कि कॉलेज की श्रेष्ठता को प्रमाणित करता है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. नेहा पुरोहित के साथ डॉ. ऋषि व्यास ने किया।



### कॉलेज के माहौल को बताया सर्वश्रेष्ठ

समारोह में गोल्ड मेडलिस्ट के साथ ही इन बैच में प्रदेशभर में सेकंड टॉपर रहे नेहा कुमावत, कीर्ति कोठारी और काव्या कुलश्रेष्ठ के साथ अन्य स्टूडेंट्स ने डिग्री प्राप्त की। सभी स्टूडेंट्स ने अपनी सफलता में कॉलेज के योगदान एवं फैकल्टी के समर्पण को दिया। सभी ने एकसुर में कॉलेज के माहौल को प्रदेश ही नहीं पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ बताया।

### ये रहे टॉपर, प्राप्त की डिग्री

डिग्री प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स में 2022 बैच के आईटी ब्रांच टॉपर विनय व्यास, दूसरे स्थान पर रहने वाले सिविल ब्रांच से नेहा कुमावत, सीएस ब्रांच से कीर्ति कोठारी ने डिग्री प्राप्त की। वहीं 2023 बैच के गोल्ड मेडलिस्ट ईसी ब्रांच के राशि किनरा, अवेधश चेष्टा और इलेक्ट्रोनिक ब्रांच के हर्षिता शर्मा ने डिग्री प्राप्त की। इनके साथ ही 23 बैच में सिविल ब्रांच से दूसरे स्थान पर रही काव्या कुलश्रेष्ठ ने भी डिग्री प्राप्त की। इस अवसर पर 22 बैच के एमटेक स्टूडेंट्स में सीएस और ईसी ब्रांच में गोल्ड मेडलिस्ट रहे तपेश कुमार एवं नूरजबीन के साथ दूसरे स्थान पर सीएस ब्रांच की अंजलि सिंह एवं ईसी ब्रांच की दिव्या भारद्वाज के साथ ही अन्य स्टूडेंट्स ने डिग्री प्राप्त की।

### स्टूडेंट्स ने साझा किए अनुभव

डिग्री प्राप्त करने के बाद स्टूडेंट्स ने अपने अनुभव भी साझा किए एवं वर्तमान में वे कहां जॉब कर रहे हैं, उसके बारे में बताया। गोल्ड मेडलिस्ट रहे स्टूडेंट्स ने सफलता केएस श्रेय कॉलेज के पॉजिटिव एनवायरमेंट को दिया। फैकल्टी मेम्बर्स के साथ बिताए समय एवं उनके द्वारा मिले टिप्स को उन्होंने जीवन में प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज के शिक्षण माहौल, इन्फ्रा और फैकल्टी मेम्बर्स की भी तारीफ की।

## Yuva स्टोरीज

**गड़बड़ी आने पर एनटीए लेगा फैसला**

## दोबारा आयोजित होगी CUET-UG परीक्षा !

बेधड़क | नई दिल्ली

नीट-यूजी परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर सवाल खड़े है। इस बीच एनटीए का कहना है कि सीयूईटी-यूजी परीक्षा का आयोजन दोबारा किया जा सकता है। दरअसल, कुछ अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायतें की हैं। इसके जवाब में एनटीए का कहना कि अगर अभ्यर्थियों की कोई भी शिकायत सही पाई गई तो 15 से 19 जुलाई के बीच सीयूईटी-यूजी परीक्षा का आयोजन होगा। एनटीए द्वारा स्नातक प्रवेश परीक्षा के लिए उत्तर कुंजी भी जारी की है। एक अधिकारी ने कहा कि अगर अभ्यर्थियों को उत्तर कुंजी में कोई भी परेशानी नजर आती है तो वे 9 जुलाई को शाम छह बजे तक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। अधिकारी ने कहा 'एनटीए को सीयूईटी-यूजी परीक्षा के बारे में 30 जून तक कुछ शिकायतें भी मिलीं। अगर, कोई शिकायत सही पाई गई तो 15 जुलाई से 19 जुलाई के बीच परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी।' एनटीए के अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से मिलीं शिकायतों पर कुछ नहीं कहा। उधर, कई अभ्यर्थियों ने दावा किया कि कुछ परीक्षा केंद्रों पर तकनीक समस्याएं थीं, जिससे समय की बर्बादी हुई। एजेंसी के अधिकारी ने कहा कि उम्मीदवारों की शिकायतों का विश्लेषण विशेषज्ञों का दल कर रहा है। इसके अलावा उत्तर कुंजी में संशोधन के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। नीट-यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर विवाद चल रहा है। इस वजह से सीयूईटी-यूजी परीक्षा के नतीजों में देरी हो रही है।

**सच बेधड़क की खबर का असर**

### शिक्षा विभाग ने ली सुध, जगन्नाथपुरा सरकारी स्कूल के जर्जर भवन का होगा नवीनीकरण


सांगानेर पंचायत समिति के जगन्नाथपुरा की राजकीय उप्रा विद्यालय के खस्ताहाल, दहशत के साए में हो रही पढ़ाई

कैसे पढ़ेगा और बढ़ेगा इंडिया, जब स्कूल की बिल्डिंग ही घटिया !

बेधड़क | जयपुर

डिग्गी मालपुरा रोड़ स्थित जगन्नाथपुरा गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय का अब नवीनीकरण होगा। दरअसल विद्यालय भवन की जर्जर छत को लेकर सच बेधड़क की ओर से 30 अप्रैल को "कैसे पढ़ेगा और बढ़ेगा इंडिया जब स्कुल की बिल्डिग ही घटिया' नामक शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। खबर का प्रकाशन होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया और 25 जुन को 16 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी। अब जल्द ही विद्यालय भवन का नवीनीकरण होगा। समाजसेवी दिनेश बागड़ा ने बताया कि सच बेधड़क हमेशा ही आमजन की समस्याओं को सावर्जनिक पटल पर रखता है। विद्यालय के नवीनीकरण के लिए राशि स्वीकृत होने के बाद ग्रामीणों में भी अब खुशी की लहर छा गई है। विद्यालय की जर्जर स्थिति की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करने पर ग्रामीणों ने सच बेधड़क को धन्यवाद देते हुए आभार जताया है।

## फीस जमा नहीं करवाई तो आज है अंतिम दिन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों महाराजा कॉलेज, महारानी कॉलेज, कॉमर्स, कॉलेज, राजस्थान कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश चाहने वाले ऐसे विद्यार्थी जिनका नाम प्रथम एवं द्वितीय वरीयता सूची में शामिल था। परंतु किसी कारण से वो अपने दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन नहीं करवा पाए या फीस जमा नहीं करवा पाए थे, उनको 8 जुलाई को एक आखिरी अवसर प्रदान किया जाएगा। अगर आवेदित पाठ्यक्रम में उस कैटेगरी में सीट रिक्त रहती है तो ऐसे विद्यार्थियों को सीटों की उपलब्धता एवं मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जा सकता है। विद्यार्थी अपने दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन करवा कर 8 जुलाई 11 बजे से 9 जुलाई 11:59 पीएम तक फीस जमा करवा सकते हैं। तृतीय वरीयता सूचि का प्रकाशन 11 जुलाई को किया जाएगा। वहीं विश्वविद्यालय के संघटक में जिन विद्यार्थियों ने नियमित पाठ्यक्रमों में आवेदन किया था, लेकिन वरीयता सूची में स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण उनको प्रवेश नहीं दिया जा सका, ऐसे सभी विद्यार्थियों को स्वावित्तपोषित पाठ्यक्रमों में नियमित पाठ्यक्रमों के आवेदन के आधार पर ही स्थान उपलब्ध होने पर प्रवेश दिया जा सकता है। सभी संघटक महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष की नियमित 8 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगी।

**बीए एससीएस कोर्स की शुरूआत**

# अब संस्कृत पढ़कर भी बन सकेंगे आईएएस

■ **केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का नवाचार**

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेडी के नवीन नवाचार पाठ्यक्रम के क्रम में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में संस्कृत की पढ़ाई के साथ सिविल सर्विस की तैयारी भी कराई जाएगी। यह भारत का पहला विश्वविद्यालय होगा, जो संस्कृत में पढ़ाई के साथ-साथ सिविल सर्विस की तैयारी कराएगा। इसके लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अभी तक सिर्फ दो कैंपस यानी की जयपुर एवं लखनऊ में बीए ऑनर्स इन संस्कृत एंड सिविल सर्विस स्टडीज (बीए एससीएस) कोर्स तैयार किया है।

जयपुर परिसर के निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने कहा कि संस्कृत क्षेत्र में यह एक नया अवसर है। प्रशासनिक सेवाओं में छात्र अपने को सिद्ध बना सकता है। उत्तम छात्रों के लिए नया प्रकल्प है। प्रतिभा पूर्ण छात्रों के लिए यह एक प्लेटफार्म है। आधुनिक तथा परम्परा छात्रों के लिए उत्कृष्ट पाठ्यक्रम है। पाठ्यक्रम के संयोजक डा. डम्बरुधर पति ने कहा कि इस पाठ्यक्रम से छात्रों के अन्दर एक उत्साह उत्पन्न होगा। संस्कृत के प्रति अवधारणा बदलेगी। संस्कृत छात्रों को प्रशासनिक क्षेत्र में जाने के लिए अवसर मिलेगा।

पाठ्यक्रम का प्रचार प्रसार भी छात्र आनन्द के साथ वीडियो के द्वारा कर रहे हैं। इसमें ऑनलाईन के द्वारा प्रवेश परीक्षा होगी। बारहवीं (+2) के विज्ञान, गणित, अंग्रेजी आधुनिक छात्र-छात्राएं भी प्रवेश के लिए योग्य हैं। यह पाठ्यक्रम सिविल सेवा को ध्यान में रखकर तैयार किया है। स्टूडेंट्स से बात कि तो उन्होंने बताया कि देश की सेवा तो करना चाहते हैं, लेकिन वो संसाधन और आर्थिक रूप से मजबूत न होने की वजह से पीछे हट जाते थे। यह कोर्स शुरू होने से उन्हें काफी मदद मिलेगी। छात्रों ने बताया कि वे काफी समय से सिविल सर्विस के बारे में सोच रहे थे कि ऐसे किसी पाठ्यक्रम में एडमिशन लें। वहीं उनकी यह परेशानी विश्वविद्यालय की तरफ से दूर कर दी गई।

इस पाठ्यक्रम के शुरू होने से अब संस्कृत के स्टूडेंट्स को भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, नहीं तो सब यहीं सोचते हैं कि संस्कृत का विद्यार्थी सिर्फ किसी स्कूल या विश्वविद्यालय में पढ़ाएगा या फिर

### प्रवेश-परीक्षा के माध्यम से होगा कोर्स में प्रवेश

प्रवेश परीक्षा 100 नंबर की होगी। जिसमें सामान्य ज्ञान, करेंट अफेयर्स, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, विज्ञान, सामाजिक और राजनीतिक विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। जिसके अंक भी अलग कोर्स में 55 सीटों का निर्धारण विश्वविद्यालय की ओर से कर दिया गया है। इस कोर्स को नई शिक्षा नीति के हिसाब से तैयार किया गया है। चार वर्ष के इस पाठ्यक्रम में मल्टी एंट्री और एग्जिट की सुविधा भी दी जाएगी।

### ये निर्धारित है फीस

कोर्स की फीस को सेमेस्टर के हिसाब से बांटा गया है। यह रहेगा फीस शिड्यूल जहां पहले, तीसरे, पांचवे, सातवें सेमेस्टर में जनरल और ओबीसी की फीस 30,700 तय की गई है। वहीं एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी, सीडब्ल्यू के लिए 18,450 फीस तय हुई है। इसी प्रकार से दूसरे, चौथे, छटे और आठवे सेमेस्टर में जनरल, ओबीसी की फीस 28,500 और एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी, सीडब्ल्यू की फीस 16,250 होगी। सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की प्रवेश परीक्षा के अंक के आधार पर फीस में 50 फीसदी तक की छूट भी दी जाएगी। वही छात्रों को छात्रवृत्ति की सुविधा भी दी जाएगी।




### छात्रावास की भी मिलेगी सुविधा

परिसर में ही छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा है। सीटें सीमित होने की वजह से छात्रावास आवंटन मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रवक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रेखा शर्मा सह संयोजक ने बताया कि चार वर्षीय कोर्स में 55 सीटें निर्धारित हैं। सभी छात्रों को प्रवेश के लिए सूचना दे दी गई है। कोर्स से संबंधित अधिक जानकारी के लिए डॉ. डम्बरुधर पति संयोजक के मोबाइल नंबर 7617334906 और डॉ. रेखा शर्मा मोबाइल 9828186070 इस कोर्स में रजिस्ट्रेशन की आखिरी तिथि 12 जुलाई है। स्टूडेंट्स गूगल लिंक द्वारा रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। गूगल लिंक पर दिये गए व्हाट्सअप ग्रुप से अवश्य से जुड़ गए हैं।

**पीस बिल्डर्स फोरम इंडिया के सम्मेलन में निर्णय**

## मणिपुर पर पीस बिल्डर्स चिंतित, भेजेगा महिलाओं का दल



बेधड़क | जयपुर

मणिपुर में सवा साल से चल रहे अशांति के हालातों पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए पीस बिल्डर्स फोरम इंडिया ने वहां शांति स्थापना के प्रयासों को गति देने के लिए महिलाओं का एक दल भेजने का निर्णय लिया है। फोरम के रविवार को यहां सम्पन्न तीन दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन में इसी के साथ संस्थापक राजगोपाल पीवी को मणिपुर में अमन चैन का माहौल बनाने के लिए अन्य हरसंभव प्रयास करने के लिए भी अधिकृत किया। देश के 12 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने सम्मेलन के दौरान हुए विचार विमर्श के आधार पर शांति और अहिंसा का माहौल बनाने के लिए अन्य कुछ उपायों को भी अन्तिम रूप दिया।

मध्य प्रदेश की पूर्व पुलिस महानिदेशक अनुराधा शंकर ने तीन दिन के विचार विमर्श को बांधते हुए कहा कि, अन्तिम दिन इसके लिए आधा दर्जन चर्चा समूह बनाकर उनकी सिफारिशों के आधार पर यह निर्णय हुए हैं। फोरम ने राज्य में अहिंसा और शांति विभाग स्थापित करने सहित ऐसे ही अन्य ठोस प्रयास करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रयासों की सराहना की और इन उपायों को देश के अन्य राज्यों में भी लागू करने पर जोर दिया। इस दौरान विभाग के संस्थापक निदेशक रहे बी एम शर्मा ने उस समय हुए कार्यों का विस्तार से जिक्र किया। फोरम ने शांति और अहिंसा के लक्ष्य के लिए काम करने वाले युवाओं को विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने, सांप्रदायिक सद्भाव और क्लाइमेट चेंज जैसी वैश्विक चिंताओं पर स्थानीय स्तर पर पदयात्राएं निकालने का भी निश्चय किया। इस दौरान भगवान महावीर सेवा संस्थान के डी आर मेहता और भारत सेवा संस्थान के गिरधारी सिंह बापना, शांति सेवकों में रजनी बख्शी, मधुसूदन दास, मनोज जेना और देवेन वाचस्पति ने भी अपने विचार रखे।

मेहता ने इस बात पर जोर दिया कि शांति के प्रयासों को जमीनी सेवा कार्यों से जोड़कर किया जाना चाहिए तभी उनकी विश्वसनीयता बनती और कायम रहती है। उन्होंने संस्थान द्वारा विश्व भर में कृत्रिम पांव के सेवा कार्य का ब्यौरा भी दिया। फोरम ने मदुरै के अपने पहले सम्मेलन के साथ जयपुर बैठक को जोड़ते हुए यह संकल्प दोहराया कि, वह अहिंसा के प्रयोगों के साथ शांति का वातावरण बनाने के लक्ष्य पर काम जारी रखेगा।

## सीटीईटी 2024 परीक्षा हुई संपन्न

**जयपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से रविवार को CTET 2024 परीक्षा का आयोजन किया गया। अब सीबीएसई की ओर से कुछ दिन बाद आंसर की एवं रिस्पॉन्स शीट जारी कर दी जाएगी। बता दें कि सीटीईटी सेंट्रल टीचर एलिजबिलिटी टेस्ट (CTET Exam 2024) एक राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा है, जो साल में 2 बार आयोजित की जाती है। इस परीक्षा के जरिए भावी शिक्षकों की योग्यता निर्धारित की जाती है।

**समारोह** | **विद्यार्थी गौरव व शिक्षक रत्न प्रतिभा सम्मान समारोह में बोले विधायक व्यास**

# तबादले राजनीति से नहीं, पॉलिसी के माध्यम से हो

बेधड़क | बीकानेर

शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) की ओर से प्रताप सभागार डुंगर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस व बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विधार्थी गौरव सम्मान व शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित से हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने संघ के द्वारा विद्यार्थी व शिक्षक हितों के लिए किए जा रहे कार्यों व संघ की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी व कहा कि शिक्षा वही सार्थक जो विद्यार्थियों को किताब के साथ परिवेश से भी जोड़ कर रखे।




समारोह के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के समक्ष मानवीय मूल्य बचाए रखने की आज बड़ी चुनौती है। अंधाधुंध जल दोहन से राजस्थान ही नहीं देशभर में जल संकट की स्थितियां बन रही हैं। शिक्षक व विद्यार्थी इन चुनौतियों के आलोक में शैक्षिक पहल करते हुए कार्य करें। व्यास ने कहा कि शिक्षकों के मामलो में राजनीति नहीं होनी चाहिए व इनके तबादले राजनीति के आधार पर नहीं होने चाहिए व तबादले के लिए पॉलिसी बननी चाहिए। इसके लिए मैंने लिखकर सरकार को दिया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त केंद्र एवं सेवाकर आईआरएस भूपेंद्र छीपा, डुंगर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इंद्रसिंह राजपुरोहित, एसबीआई पब्लिक पार्क के मुख्य प्रबंधक महेंद्र मीना ने भी संबोधित किया।

### पढ़ाई के साथ खेलों में भाग्य आजमाएं

विशिष्ट अतिथि नीरज कुमार सहायक महाप्रबंधक एसबीआई ने कहा की पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी भाग्य आजमाना चाहिए। भीड़ से अलग भी अन्य क्षेत्र है। समारोह में सहायक निदेशक पेंशन विभाग डॉ. राहुल गोठवाल, सीबीईओ बज्जू डॉ. रामगोपाल शर्मा, डॉ.वाईबी माथुर, प्रवक्ता राजकीय पोलेटेक्निक महाविद्यालय, डुंगर कॉलेज के आचार्य डॉ. शर्मिंद्र सक्सेना, एनएसपी महाविधालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बिस्सा, निदेशक सिंथेसिस जेठमल सुथार, सीएमओ पीबीएम अस्पताल डॉ. एलके कपिल, रेसटा के प्रदेश महामंत्री नवलसिंह मीना, अधिवक्ता नीतू जैन सीए दिनेश शर्मा ने मार्गदर्शन किया। संघ के जिलाध्यक्ष सीता राम डूडी व जिला महामंत्री पवन शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जिले भर के 211 शिक्षक व विद्यार्थियों को मिले स्मृति चिह्न व गोल्ड मेडल

कार्यक्रम में अतिथियों ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने जिले के 211 शिक्षक व विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, प्रदेश महामंत्री नवल सिंह मीना, प्रदेश सभाध्यक्ष काशी सारस्वत, प्रदेश विधि सहलाकार अधिवक्ता हनुमान प्रसाद शर्मा, सीताराम डूडी, जिला महामंत्री पवन शर्मा, जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

# ब्रिटेन के नए निजाम का भारत के प्रति रुख



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ब्रिटेन में 14 साल बाद लेबर पार्टी की सत्ता में शानदार वापसी हुई है। हाउस ऑफ कॉमन्स के कुल 650 सीटों में लेबर पार्टी को कुल 412 सीटें मिली है। ऐतिहासिक जीत के साथ कीर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री होंगे। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी को 121 सीटों पर संतोष करना पड़ा है जो अब विपक्ष की भूमिका में दिखेगी। अब सवाल यह है कि ब्रिटेन में बदले निजाम का भारत पर क्या असर होगा? क्या कीर स्टार्मर भारत को लेकर पुरानी पॉलिसी में बदलाव लाएंगे? फिलहाल इसकी संभावना कम है। महंगाई की बोझ तले दबे ब्रिटेन को अपनी आर्थिक स्थिति और फूड सप्लाई चेन को मजबूत करना शीर्ष प्राथमिकता में है। ऐसे में उसके लिए भारत से बेहतर रिश्ते बनाए रखना आवश्यक है। किसी से छिपा नहीं है कि रुस-यूक्रेन युद्ध से ब्रिटेन की फूड सप्लाई चेन बिगड़ चुकी है। दूसरी ओर यूरोपियन यूनियन से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन के पास अपने पुराने सहयोगियों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है।

यूरोपीय यूनियन से अलग होने के बाद ब्रिटेन एक ऐसे मोड़ पर है जहां एक ओर अवसर है तो दूसरी ओर सघन चुनौतियां भी है। इन परिस्थितियों के बीच वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के तौर पर उभर रहे भारत को लेकर ब्रिटेन की लेबर पार्टी का नजरिया नकारात्मक रखना कुल्हाड़ी पर पांव रखने जैसा होगा। फिलहाल ब्रिटेन की ओर से सकारात्मक संकेत ही मिल रहे है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री को बधाई दी है और बातचीत के दरम्यान दोनों नेताओं ने मुक्त व्यापार समझौते (फ्री टेड एग्रीमेंट-एफटीए) पर आगे बढ़ने पर सहमति जताई है। ब्रिटेन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री स्टार्मर ऐसा समझौता करने को तैयार हैं जो दोनों पक्षों के लिए काम करेगा। ध्यान देना होगा कि जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा मुक्त व्यापार समझौते (फ्री टेड एग्रीमेंट-एफटीए) की समीक्षा की गई थी। तब दोनों नेताओं ने इस महत्वकांक्षी समझौते को मूर्त रुप देने की हामी भरने के साथ व्यापार, निवेश, विज्ञान और तकनीक जैसे व्यापक क्षेत्रों में भी आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया था।

> *अगर प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ट्रेड समझौते के साथ-साथ माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप समझौते पर भी अपनी स्वीकृति की मुहर लगा देते हैं तो निःसंदेह भारत के प्रशिक्षित लोगों को ब्रिटेन जाने की राह और आसान हो जाएगा। वैसे उम्मीद किया जाना चाहिए कि ब्रिटेन के नए निजाम में नरमी से भारतीयों को फायदा मिलना तय है। उम्मीद है कि नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पुरानी पॉलिसी पर ही आगे बढ़ेंगे जो कंजर्वेटिव सरकार के समय थी। वैसे देखें तो कंजर्वेटिव सरकार इमिग्रेशन कानून को लेकर ज्यादा सख्त थी। उसका खामियाजा भारतीय मूल के लोगों को भुगतना पड़ा।*

याद होगा जब ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने थे तब भी प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जतायी थी कि दोनों देश शीध्र ही फ्री टेड एग्रीमेंट (एफटीए) को मूर्त रुप देंगे। कीर स्टार्मर के प्रधानमंत्री बनने पर भी वैसा ही रुख अपनाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस मसले पर आगे बढ़ने की उम्मीद जताई है। गौर करें तो सैद्धांतिक तौर पर फ्री टेड एग्रीमेंट (एफटीए) की नींव पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने 2021 में अपनी भारत यात्रा के दौरान रखी थी। उनके बाद लिज ट्रस ने इस प्रस्तावित टेड समझौते का समर्थन कर इस दिशा में आगे बढ़ने पर जोर दिया। देखना दिलचस्प होगा कि इस मसले पर ब्रिटेन के नए निजाम का रुख क्या होता है। फिलहाल गौर करें तो आज भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार तकरीबन चार लाख करोड़ रुपए का है। ऐसे में प्रस्तावित टेड समझौता मूर्त लेता है तो निःसंदेह दोनों देशों को टैक्स में बड़ी राहत मिलेगी। मुक्त व्यापार करार के तहत व्यापार में दो भागीदार देश आपसी व्यापार वाले उत्पादों पर आयात शुल्क में अधिकतम कटौती करते हैं जिसका फायदा दोनों देशों को मिलता है। अगर फ्री टेड समझौते पर दोनों देश आगे बढ़ते हैं तो दोनों देशों के आर्थिक भागीदारी को नई ऊंचाई मिलेगी। इससे द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होगी और बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा। फ्री टेड समझौते पर ब्रिटेन का भारत के साथ आना इसलिए भी उम्मीद जगाने वाला है कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश बन चुका है। वर्ष 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक अर्थव्यवस्था के आकार में भारत 2027 में जर्मनी से और 2030 में जापान से आगे निकल जाएगा। ऐसे में ब्रिटेन का भारत के साथ टेड डील को लेकर गंभीर होना लाजिमी है। चूंकि भारत ने हमेशा से ब्रिटेन को यूरोपीय संघ के देशों के साथ व्यापार के मामले में एक 'मुख्य द्वार' के रुप में देखा है ऐसे में मुक्त व्यापार समझौता न केवल ब्रिटेन बल्कि भारत के लिए भी फायदे का सौदा होगा। ब्रिटेन ने 2004 में भारत के साथ एक रणनीतिक साझेदारी शुरु की थी। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत ब्रिटेन आतंकवाद, परमाणु गतिविधियों और नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारत के साथ है। दोनों देशों द्वारा भरोसा जताया जा चुका है कि 2030 तक आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदलना उनकी शीर्ष प्राथमिकता में होगा। जहां तक द्विपक्षीय व्यापार का सवाल है तो ब्रिटेन भारत का विश्व में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी देश है। दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार जो 2018-19 में 16.7 अरब डॉलर, 2019-20 में 15.5 अरब डॉलर था वह अब बढ़कर 40 अरब डॉलर यानी चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। इससे दोनों देशों के तकरीबन 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। गौर करें तो ब्रिटेन में लगभग 800 से अधिक भारतीय कंपनियां हैं जो आईटी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। कई वैश्विक मंचों के जरिए दोनों देश अनेकों बार अपने-अपने विचार साझा कर चुके हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि ब्रिटेन के नए निजाम कीर स्टार्मर भारत के साथ दोस्ती को कितना परवान चढ़ाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### बेहद जरूरी है जैव विविधता का संरक्षण

# प्रकृति से छेड़छाड़ भयावहता के संकेत



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

> *जैव विविधता का संरक्षण हमें बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समृद्ध जैव विविधता हमारे अस्तित्व का आधार है। यह हमारे बेहतर भविष्य के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए जैव विविधता का संरक्षण बेहद जरूरी है। यहां इस कटु सत्य को नकारा नहीं जा सकता कि यदि वनों की कटाई पर अंकुश नहीं लगा तो प्रकृति की लय बिगड़ जाएगी और उस स्थिति में वैश्विक स्तर पर तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी को रोक पाना बहुत मुश्किल हो जाएगा।*

प्रकृति के साथ छेड़छाड़ आज समूची दुनिया के लिए भयावह खतरे का सबब बन चुकी है। तापमान में वृद्धि, मौसम में बदलाव और जलवायु परिवर्तन इसके जीवंत प्रमाण हैं। इन प्रकोपों से दुनिया त्राहि-त्राहि कर रही है, वहीं लाखों-करोडों लोग इसके चलते अनचाहे मौत के मुंह में जाने को विवश हैं। मौसम में आए बदलाव ने इस संकट के भयावह रूप धारण करने में प्रमुख भूमिका निबाही है। असलियत में इस सबके पीछे मानवीय गतिविधियां पूरी तरह जिम्मेदार हैं जिसने दुनिया को तबाही के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। प्रकृति की बदहाली इसका जीता-जागता सबूत है। दुनिया में जिस तेजी से पेड़ों की तादाद कम होती जा रही है, हकीकत में उससे पर्यावरण तो प्रभावित हो ही रहा है, पारिस्थितिकी, जैव विविधता, कृषि और मानवीय जीवन ही नहीं, बल्कि भूमि की दीर्घकालिक स्थिरता पर भी भीषण खतरा पैदा हो गया है। जैव विविधता का संकट पर्यावरण ही नहीं, हमारी संस्कृति और भाषा का संकट भी बढ़ा रहा है। अमेरिकी पेन स्टेट यूनिवर्सिटी के शोध में यह खुलासा हुआ है। शोध में कहा गया है कि दुनिया के उच्च जैव विविधता वाले प्रमुख पर्यावरणीय क्षेत्रों में समय के साथ साथ संस्कृति और भाष्य स्तर में काफी गिरावट दर्ज की गयी है। इसमें किंचित मात्र भी संदेह नहीं है कि समृद्ध जैव विविधता के बिना हम किसी भी कीमत पर पर्यावरण की रक्षा नहीं कर सकते।

विश्व बैंक ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से संबंधित रिपोर्ट में कहा है कि पर्यावरण प्रदूषण के चलते हो रही तापमान में बढ़ोतरी के लिए दैनंदिन घटती जैव विविधता और मानवीय गतिविधियां सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जैव विविधता घटने की वजह से धरती दैनंदिन गर्म होती जा रही है जिससे अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड के साथ साथ दुनिया में तीसरे सबसे अधिक बर्फ के भंडार माने जाने वाले कनाडा के ग्लेशियर संकट में हैं। इनके पिघलने से इस सदी के अंत तक दुनिया भर के समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी हो जाएगी जिससे दुनिया के समुद्र तटीय बड़े शहरों के डूबने का खतरा बढ़ जाएगा। जियोफिजीकल रिसर्च लैटर्स नामक शोध पत्रिका में यह खुलासा हुआ है। जैव विविधता के संकट को लेकर आए-दिन नयी-नयी रिपोर्ट में नए-नए तथ्य सामने आ रहे हैं जो इस बात के संकेत हैं कि आने वाले दिनों में हमें किस किस प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ेगा।



गौरतलब है कि प्रकृति मनुष्य की भोजन, पानी, साफ हवा, औषधि सहित जीवन की कई मूलभूत जरूरतों की पूर्ति करती है। इसके साथ साथ उसकी यह अपेक्षा भी रहती है कि मनुष्य उसके नैसर्गिक स्वरूप में किंचित मात्र भी दखल न दे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं और उसने अपने भौतिक सुखों की चाह में प्रकृति के साथ जब चाहा और जैसा चाहा, वैसे छेड़छाड़ की जिसके कारण पर्यावरण तो बिगडा ही, जंगल, जीव और मनुष्य के बीच की दूरियां भी कम होती चलीं गईं। जहां तक जंगलों के खत्म होने का सवाल है, उसकी गति देखते हुए ऐसा लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब दुनिया से जंगलों का नामोनिशान तक मिट जाएगा और वह किताबों की वस्तु बनकर रह जाएंगे।

हकीकत यह है कि हर साल दुनिया में एक करोड़ हेक्टेयर जंगल लुप्त होते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र भी इसकी पुष्टि करता है। कोपेनहेगन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने इसका खुलासा किया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में कीड़े-मकोड़े भी 3.5 करोड़ हैक्टेयर जंगल हर साल बर्बाद कर रहे हैं। इससे तो ऐसा लगता है कि इंसान तो क्या दूसरे जीव-जंतु भी जीवन के लिए जरूरी पेडों-जंगलों के दुश्मन बनते जा रहे हैं। मौजूदा हालात तो यही गवाही दे रहे हैं। दुनिया के वैज्ञानिक बार-बार कह रहे हैं कि इंसान जैव विविधता के खात्मे पर आमादा है। जबकि जैव विविधता का संरक्षण हमें बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समृद्ध जैव विविधता हमारे अस्तित्व का आधार है। यह हमारे बेहतर भविष्य के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए जैव विविधता का संरक्षण बेहद जरूरी है।

यहां इस कटु सत्य को नकारा नहीं जा सकता कि यदि वनों की कटाई पर अंकुश नहीं लगा तो प्रकृति की लय बिगड़ जाएगी और उस स्थिति में वैश्विक स्तर पर तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी को रोक पाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। ऐसी स्थिति में सूखा और स्वास्थ्य सम्बंधी जोखिम से आर्थिक हालात और भी प्रभावित होंगे जिसकी भरपायी आसान नहीं होगी। सबसे बड़ी बात यह कि पेड़ों का होना हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण ही नहीं, बेहद जरूरी है। यह न केवल हमें गर्मी से राहत प्रदान करते हैं, बल्कि जैव विविधता को बनाए रखने, कृषि की स्थिरता सुदृढ़ करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने और जलवायु को स्थिरता प्रदान करने में भी अहम योगदान देते हैं। फिर भी हम पेड़ों के दुश्मन क्यों बने हुए हैं, यह समझ से परे है। बीते कई बरसों से दुनिया के वैज्ञानिक, पर्यावरणविद और वनस्पति व जीव विज्ञानी चेता रहे हैं कि अब हमारे पास पुरानी परिस्थिति को वापस लाने के लिए समय बहुत ही कम बचा है। यह भी कि हम जहां पहुंच चुके हैं वहां से वापस आना आसान काम नहीं है। कारण वहां से हमारी वापसी की उम्मीद केवल और केवल पांच फीसदी से भी कम ही बची है। जहां तक जैव विविधता की महत्ता का सवाल है, अमरीका की ए एण्ड एम यूनिवर्सिटी स्कूल आफ पब्लिक हैल्थ के एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि पेड़-पौधों की मौजूदगी लोगों को मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक होती है। 6.13 करोड़ मानसिक रोगियों पर किए गए अध्ययन में कहा गया है कि हरियाली के बीच रहने वाले लोगों में अवसाद की आशंका बहुत कम पायी गयी है। जिन लोगों के घरों के आसपास 100 मीटर के दायरे में पेड़-पौधों की संख्या अधिकाधिक पायी गयी, उन लोगों को अवसाद की दवा लेने की जरूरत ही नहीं रही है। लेकिन मानवीय स्वार्थ की लिप्सा यहीं खत्म नहीं होती। दुनिया में समृद्ध जैव विविधता वाली जमीन कब्जाने की घटनाओं में साल 2008 के बाद से तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ये घटनाएं उप सहारा अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों पर असंगत रूप से प्रभाव डालती हैं। यह प्रवृत्ति मध्य पूर्वी यूरोप, उत्तरी और लैटिन अमेरिका व दक्षिणी एशियाई इलाकों में भूमि असमानता को बढ़ा रही है।

इस बात में किसी तरह का संदेह नहीं है कि जब तक हम जल, जंगल, जमीन, खनिज और तेल जैसे संसाधनों का उचित प्रबंधन नहीं करेंगे तब तक गरीबी से नहीं लडा जा सकता। संसाधनों के उचित प्रबंधन के बगैर शांति कायम नहीं हो सकती। लोकतंत्र के लिए यह बेहद जरूरी है। फिर हम जिस रास्ते पर चल रहे हैं, यदि उसे नहीं बदला तो पुरानी झड़पें बढ़ेंगीं और संसाधनों को लेकर नई लडाइयां सामने खड़ी होंगी। मैं इस पुरस्कार का जश्न महात्मा गांधी के इन शब्दों के साथ मनाना चाहती हूं कि-मेरा जीवन ही मेरा संदेश है। एक पेड़ जरूर लगाएं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# पुलों की जल समाधि



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

पुल राष्ट्रीय प्रगति और जन जन की सुविधा है। इसी के बलबूते हमारा दूर पास का सफर सहज हो जाता है। रेलवे ने तो ऊंचे पहाडों पर पुल बनाकर देश की प्रगति में परचम लहरा रखा है। नदियों पर प्राचीन पुल तो आज भी अपनी मजबूती पर गौरवान्वित हैं।

आजकल सड़क के लिए नदी पर जो पुल बन रहे हैं वह अब अपनी ऊंचाई पर गर्व करते हैं। अब वर्षा ऋतु में नदी जल वहां तक नहीं पहुंचता। यातायात भी फर्राटे भरते निकल जाते हैं। देश में आवश्यकता अनुसार जगह-जगह नदियों पर पुल बनाकर जन-जन को सुविधा पहुंचाई जा रही है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से देश के एक प्रदेश में इन पुल निर्माण की नहीं बल्कि उनके टूट कर नदी जल में समा जाने की चर्चाएं बनी हुई हैं। सरकार भी सोचने लगी है यह कैसे क्या हो गया। तू चल में आया की तर्ज पर पुल टूट रहे हैं। एक माह में ही पुल टूट टूट कर रिकॉर्ड बना रहे हैं। जनता भी सोच रही है कि पहले कभी ऐसे पुल नहीं ढहे। कभी तो कोई पुल बिना उद्घाटन के ही अपना अस्तित्व खोने लगा हैं। टूटे पुल अपनी कहानी खुद ही बेबाक होकर जनता को सुंना रहे हैं। जब नित निर्माण होरहा था तब घटिया निर्माण सामग्री उपयोग में ली जा रही थी। जितना पैसा निर्माण में के लिए आता है उसका आधा तो छू मंतर हो जाता है ।कमीशन खोरी वाला भ्रष्टाचार सिर चढ़कर बोल रहा है । पुल जिसका उद्घाटन नहीं हुआ वह भी अपने निर्माण कार्य में बेईमानी और लीपापोती को देख, सोचने लगे यदि हमारे ऊपर ट्रैफिक चालू हो गया तो जान माल का नुकसान हो जाएगा । बेहतर यही है होगा कि किसी को मार कर या घायल कर कर अपने ऊपर पाप लें, इससे बेहतर तो यही होगा कि हम उद्घाटन से पहले टूटकर जल समाधि लेलें।

सरकार टूटते गिरते पुलों को देख सकते में है । संबंधित मंत्री जन आक्रोश को दबाने के लिए जल्दी जांच की बात कह रहे हैं ।और बड़ी गंभीरता से कह रहे हैं कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पर जनता भी लोकतंत्र के इस निर्माण पर चुप चुप सोच रही है, अब कैसा क्या होगा? भगवान ही जाने ।

### X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
नरेंद्र मोदी की सरकार में लोको पायलट्स के जीवन की रेल पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। गर्मी से खौलते केबिन में बैठ कर लोको पायलट्स 16-16 घंटे काम करने को मजबूर हैं। जिनके भरोसे करोड़ों ज़िंदगियां चलती हैं, उनकी अपनी ज़िन्दगी का कोई भरोसा नहीं रह गया है। यूरिनल जैसी बेसिक सुविधाओं से भी वंचित लोको पायलट्स के न काम के घंटों की कोई लिमिट है और न ही उन्हें छुट्टी मिलती है। जिसके कारण वह शारीरिक और मानसिक रूप से टूटकर बीमार हो रहे हैं। ऐसे हालात में लोको पायलट्स से गाड़ी चलवाना उनकी और यात्रियों की जान को जोखिम में डालना है। INDIA लोको पायलट्स के अधिकारों और वर्किंग कंडीशंस को बेहतर किए जाने के लिए संसद तक आवाज़ उठाएगा।



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** मंत्री राजस्थान
@Ra_THORe
Thailand की राजधानी Bangkok में World Sports Transplant Championship में राजस्थान माइंस विभाग के माइनिंग इंजीनियर आरिफ मोहम्मद शेख सहित भारतीय दल ने एक स्वर्ण, एकल प्रतियोगिता में 2 रजत, 2 कांस्य व 4 युगल जोड़ियों ने कांस्य व एक तिकड़ी ने कांस्य पदक भारत की झोली में डाल देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। आपकी इस उपलब्धि हेतु हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं।



**जया किशोरी (वक्ता),** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
कितना भी अच्छा कर लो,
कुछ लोग आपको कभी पसंद नहीं करेंगे।

### नॉलेज कॉर्नर: बिल्डिंग बनकर पूरी तरह हो चुकी है तैयार

# 'पैलेस रोयाल' है देश की सबसे ऊंची इमारत

मायानगरी के नाम से पहचाना जाने वाला मुंबई शहर विश्वभर में विख्यात है। यहां की आबो हवा ही ऐसी है कि जो भी एक बार इस शहर में आता है, यहीं का होकर रह जाता है। आलीशान इमारतें, समुद्र से घिरा नगर और अनगिनत पर्यटक स्थल इस शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। वर्ष 1995 तक इसका नाम बॉम्बे था। वर्तमान में यह भारत की आर्थिक राजधानी तथा महाराष्ट्र राज्य की राजधानी है। वर्ष 2018 में दिल्ली के बाद जनगणना की दृष्टि से यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा और विश्व का सातवां सबसे बड़ा शहर था। यह देश का वाणिज्यिक केन्द्र भी है। इन सभी के उलट इसे यहां की ऊंची-ऊंची इमारतों के लिए भी जाना जाता है। भारत की सबसे ऊंची बिल्डिंग भी इसी शहर में स्थित है, जिसका नाम है 'पैलेस रोयाल'। इस गगनचुंबी इमारत का कार्य वर्ष 2008 से शुरू हुआ।

## आलीशान इमारत

मुंबई लोगों के लिए एक सपनों का शहर है। इस नगर की कई खास बातें हैं, जैसे- मुम्बई का बन्दरगाह देश का सर्वश्रेष्ठ सामुद्रिक बन्दरगाह है। इसका तट कटा-फटा होने के कारण इसका पोताश्रय प्राकृतिक एवं सुरक्षित है। यही कारण है कि यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका जैसे कई पश्चिमी देशों से जलमार्ग या वायुमार्ग से आने वाले पर्यटक सबसे पहले मुम्बई ही आते हैं। इसलिए इसे भारत का प्रवेशद्वार भी कहा जाता है। सपनों के इस शहर में कई आलीशान इमारतें हैं। इनमें से 'पैलेस



रोयाल' भारत की सबसे ऊंची आवासीय इमारत है। इसे सुपरटाल गगनचुंबी इमारत के तौर पर जाना जाता है। देश की सबसे ऊंची इमारत का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इस बिल्डिंग को बनाने के लिए वर्ष 2005 में परमिट जारी किया गया था, जो कि वर्ष 2008 में शुरू हुआ था।

## खास बातें

- इस इमारत की ऊंचाई 320 मीटर यानी 1050 फीट है।
- यह भारत की सबसे ऊंची बिल्डिंग और तीसरी सबसे ऊंची संरचना है।
- इसका निर्माण कार्य वर्ष 2018 में पूरा हुआ था।
- इसके अग्र और आंतरिक भाग का निर्माण अब भी जारी है।
- इमारत का लगभग सम्पूर्ण कार्य दिसंबर 2023 तक पूरा हो चुका है।
- इसमें 120 अपार्टमेंट हैं, जिनका आकार 740 से 1,300 वर्ग मीटर तक है।

## भारत की सबसे ऊंची इमारतें

*भारत में गगनचुंबी इमारतों की शुरुआत वर्ष 1959 से हुई। सबसे पहले चेन्नई में 12 मंजिला एलआईसी बिल्डिंग बनाई गई थी। इसके बाद नोएडा में सुपरनोवा स्पाइर, मुंबई में वर्ल्ड वन, विश्व दृश्य, लोढ़ा मार्क्विसे तथा ओंकार 1973 टावर 'पैलेस रोयाल' के बाद देश की पांच सबसे ऊंची इमारतें है।* कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी

महिला आयोग की अध्यक्ष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से घिरी तृणमूल कांग्रेस की सांसद

# महुआ मोइत्रा की मुश्किल बढ़ी, नए आपराधिक कानून में FIR दर्ज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की एक बार फिर से मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाथरस कांड के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा के खिलाफ किए गए एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर महुआ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

नए आपराधिक कानून के तहत महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने को लेकर मामला दर्ज हुआ है। यूपी के हाथरस में पिछले दिनों 'भोले बाबा' के सत्संग में भगदड़ मच गई थी, जिसके बाद 121 लोगों की जान चली गई। इस हादसे के बाद महिला आयोग प्रमुख रेखा शर्मा घटनास्थल पर पहुंची थीं। सामने आए वीडियो में रेखा शर्मा के लिए किसी और ने बारिश से बचाने के लिए छाता पकड़ा हुआ था। इस पर महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक कथित अमर्यादित टिप्पणी की थी। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद महुआ ने अपने पोस्ट को हटा लिया है।



### महिला आयोग ने मामला दर्ज करने को कहा था

राष्ट्रीय महिला आयोग ने रेखा शर्मा के विरुद्ध महुआ मोइत्रा की टिप्पणी पर स्वत: संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस को शुक्रवार को कायत दी थी। इसके बाद स्पेशल सेल ने रविवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एनसीडब्ल्यू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, टिप्पणी अपमानजनक है और यह गरिमा के साथ रहने के एक महिला के अधिकार का उल्लंघन है। आयोग ने पाया कि यह टिप्पणी भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 के अंतर्गत आती है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि वह अपमानजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है और मोइत्रा के खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहता है।



### महुआ की चुनौती: मैं नादिया में हूं, गिरफ्तार करना है तो आ जाओ

महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एनसीडब्ल्यू के पोस्ट पर 'रिपोस्ट' करते हुए लिखा कि दिल्ली पुलिस आए, कृपया इन स्वत: संज्ञान आदेशों पर तुरंत कार्रवाई करें। अगर आपको अगले तीन दिनों में त्वरित गिरफ्तारी करने के लिए मेरी आवश्यकता हो तो मैं नदिया में हूं। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष पर स्पष्ट रूप से तंज कसते हुए महुआ ने कहा,मैं अपना छाता खुद संभाल सकती हूं। एक अन्य पोस्ट में मोइत्रा ने रेखा शर्मा द्वारा की गई पोस्ट के कई 'स्क्रीनशॉट' साझा किए और कहा कि उन पोस्ट के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।

## TDP तेलंगाना में भी जल्द पुराना गौरव करेगी हासिल: नायडू



**हैदराबाद**। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) जल्द ही तेलंगाना में भी अपना पुराना गौरव वापस हासिल करेगी। साथ ही उन्होंने पिछले साल सितंबर में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया। टीडीपी कार्यकर्ताओं से नायडू ने कहा कि पार्टी का जन्म तेलंगाना में हुआ था और जल्द ही इसका पुनर्गठन किया जाएगा। गौरतलब है, टीडीपी ने तेलंगाना में कई कारणों से पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ा था। वहीं इस साल हुआ लोकसभा चुनाव भी नहीं लड़ा। पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले कसानी ज्ञानेश्वर के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद से पार्टी वर्तमान में नेतृत्वविहीन है।

## झारखंड: आज पहले विश्वास मत, फिर कैबिनेट का विस्तार

**रांची**। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार 8 जुलाई को होगा। राजभवन से मंजूरी मिलने के बाद अब बिरसा मुंडा स्टेडियम में दोपहर 3.30 बजे नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उसी दिन विधानसभा में विश्वास मत हासिल करेंगे, जो कि मौजूदा संख्या बल को देखते हुए एक औपचारिकता ही मानी जा रही है। इसके तुरंत बाद मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। हेमंत सोरेन को 28 जून को जमीन घोटाले के मामले में जमानत मिलने के बाद 4 जुलाई को उन्होंने अकेले ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उधर झारखंड के कांग्रेस नेता अजय कुमार का कहना है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन, इस वर्ष राज्य में होने वाले वाले विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन (इंडिया) का चेहरा होंगे।

यूपी BJP: लोस चुनाव में प्रदर्शन की समीक्षा, संतोष ने दी नसीहत

# अहंकार न पालें, उप चुनावों के लिए दिया जीत का मंत्र

**एजेंसी** | लखनऊ

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष उत्तर प्रदेश के सियासी हालात पर सरकार और संगठन दोनों के साथ मंथन किया और हाल में हुए लोकसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश महामंत्रियों व क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ बैठक कर राज्य में होने वाले विधानसभा उप चुनाव में जीत की रणनीति भी तय की।

संतोष ने चुनावी नतीजों को लेकर क्षेत्रवार नब्ज टटोली और यह जानने की कोशिश की कि कहां कमी रह गई। इसके बाद हुई कोर कमेटी की बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप चुनाव की तैयारियों पर मंथन किया। इस बैठक में सीएम योगी के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे।

संतोष शनिवार को लखनऊ पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने शनिवार और रविवार को सरकार और संगठन के कार्यों की समीक्षा की और उन लोकसभा सीटों पर चर्चा की, जहां भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा, उन्होंने सोशल मीडिया, एससी मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों के साथ बातचीत की। संतोष ने पहले क्षेत्रीय अध्यक्षों और क्षेत्रों के प्रभारी महामंत्रियों संग बैठक की।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में हुई इस बैठक में क्षेत्रवार चर्चा की। लोकसभा चुनाव के बाद इस पहली समीक्षा बैठक में संतोष ने साफ कहा कि नेता अहंकार न पालें। सबके हिसाब से टिकट या पद नहीं दिए जा सकते।



### जीतनी होंगी उपचुनाव वाली सीटें

कोर कमेटी की बैठक में भी संतोष ने लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम न आने को लेकर चर्चा की। सभी ने अपने-अपने हिसाब से हार के कारण गिनाए। वहीं प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर हाल में इन सभी सीटों पर जीत हासिल करनी होगी। इसी संकल्प के साथ चुनाव में उतरना है। उन्हें बताया गया कि प्रदेश सरकार के मंत्री और संगठन के पदाधिकारियों को इन सीटों पर लगा दिया गया है।

### पदाधिकारियों ने बताई खराब प्रदर्शन की वजह

सूत्रों के अनुसार संतोष की प्रदेश महामंत्रियों व क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ बैठक में फीडबैक मिला कि प्रत्याशी अहंकार में थे। विधायकों-संगठन से तालमेल नहीं बिठाया। कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं दी। थाने-तहसीलों में सुनवाई न होने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी।

### दलित वोटों के दूर जाने के कारण जाने

राष्ट्रीय महामंत्री संगठन की बैठक के लिए पहले ही क्षेत्रीय अध्यक्षों और प्रभारियों को फार्मेट दे दिया गया था। जिसमें लोकसभा और विधानसभा वार सूचनाएं मांगी गई थीं। उन्होंने लोकसभावार पूछा कि 2022 में कितनी विधानसभा जीते थे। इस बार उनमें से कितनी हार गए। हार के क्या कारण रहे। वहां कितना वोट प्रतिशत खिसका। किन-किन जातियों ने वोट नहीं दिया। दलितों खासतौर से गैर जाटवों के छिटकने के कौन-कौन से कारण रहे। क्षेत्रीय अध्यक्षों और महामंत्रियों ने थाने-चौकियों और अफसरशाही को लेकर कई शिकायतें बताईं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ईमानदार छवि जनता के बीच है। मगर निचले स्तर पर दिक्कतें हैं। इस पर संतोष ने कहा कि हमें दोनों पहलू देखने होंगे। ऐसा नहीं है कि सरकार में सब खराब है और संगठन में सब कुछ अच्छा। गिरावट तो देश में तमाम जगह आई है, उत्तर प्रदेश इससे अछूता नहीं है।

### सदस्यता अभियान शुरू करने की तैयारी

पार्टी अगस्त के पहले सप्ताह में सदस्यता अभियान शुरू करने की तैयारी में है। हालांकि इसकी अधिकृत तिथि घोषित नहीं की गई है। इसके लिए प्रदेश से लेकर मंडल तक टीमें गठित होंगी। इसके साथ ही मंडल, बूथ और शक्ति केंद्रों के नेटवर्क को और मजबूत करने की मुहिम चलेगी। पदाधिकारियों ने कहा कि कई जगह सांसदों ने विधायकों से बात तक नहीं की। एक प्रदेश महामंत्री ने लखीमपुर में अजय मिश्रा टेनी का इस मामले में उदाहरण भी दिया। तमाम जगह विधायक खुद टिकट मांग रहे थे। नहीं मिला तो उन्होंने अंदर ही अंदर विरोध किया।

पश्चिम बंगाल: राज्यपाल की शिकायत पर चला अनुशासन का चाबुक

# कोलकाता के पुलिस आयुक्त-उपायुक्त के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**एजेंसी** | कोलकाता

केंद्र सरकार ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और पुलिस उपायुक्त इंदिरा मुखर्जी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है। दोनों पुलिस अधिकारियों पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के कार्यालय को बदनाम करने का आरोप है। गृह मंत्रालय ने यह कार्रवाई राज्यपाल बोस की शिकायकत पर की है। राज्यपाल ने केंद्र सरकार को एक रिपोर्ट भेजी थी। जिसमे कोलकाता पुलिस आयुक्त और उपायुक्त पर गलत तरीके से काम करने का आरोप लगाया गया था।

राज्यपाल ने जून माह के आखिरी सप्ताह में केंद्रीय गृह मंत्री को अपनी यह रिपोर्ट भेजी थी। रिपोर्ट में राज्यपाल ने कि कोलकाता पुलिस के अधिकारी चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ितों को उनसे मिलने की अनुमति नहीं दे रहे हैं, जबकि उन्होंने इसके लिए उन्हें जरूरी इजाजत दे दी थी।

एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर दोनों पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि आदेश की एक प्रति 4 जुलाई को राज्य सरकार को भी भेज दी गई है।



### मनगढ़ंत आरोपों को बढ़ावा देने का आरोप

राज्यपाल बोस ने राजभवन में तैनात किए गए अन्य पुलिस अधिकारियों पर भी आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कुछ पुलिस अधिकारियों द्वारा अप्रैल-मई के महीने में एक महिला कर्मचारी द्वारा लगाए गए आरोपों को बढ़ावा दिया गया। राज्यपाल ने कहा,इन आईपीएस अधिकारियों ने अपने कृत्यों से न केवल राज्यपाल के कार्यालय को कलंकित किया है, बल्कि इस तरह से काम किया है जो एक लोक सेवक के लिए पूरी तरह से अनुचित है। इन पुलिस अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी की है।

नए आपराधिक कानूनों को लेकर चिदंबरम का फिर वार, कहा...

# विधि आयोग को सौंपना चाहिए था मसौदा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नए आपराधिक कानूनों पर अंशकालिक (पार्ट-टाइमर) वाली टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण विधेयकों का मसौदा विधि आयोग को सौंपा जाना चाहिए था, न कि उस समिति को जिसके सदस्यों ने अंशकालिक सेवा दी। चिदंबरम ने है, जब एक दिन पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उनके बयान को लेकर उन पर निशाना साधा था।

चिदंबरम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आपराधिक कानूनों में सुधार के लिए मई 2020 में एक समिति का गठन किया था, जिसमें अध्यक्ष, संयोजक और सदस्य थे। उन्होंन कहा कि इसका स्वरूप समय-समय पर बदला गया, लेकिन आखिर में समिति के एक संयोजक और पांच सदस्य थे। चिदंबरम ने कहा कि एक को छोड़कर सभी सदस्य विभिन्न विश्वविद्यालयों में सेवारत प्रोफेसर थे और समिति के अंशकालिक सदस्य थे। इसी समिति ने तीन नए आपराधिक कानूनों के मसौदे सौंपे। आखिरकार, संसद ने इन कानूनों को पारित कर दिया। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि ऐसे महत्वपूर्ण विधेयकों को मसौदा विधि आयोग को सौंपा जाना चाहिए था, न कि एक समिति को, जिसके सदस्यों ने अंशकालिक के रूप में सेवा दी और जिनके पास अन्य जिम्मेदारियां थीं। ज्ञात रहे कि उपराष्ट्रपति ने उनकी टिप्पणी को अक्षम्य करार दिया था। उन्होंने चिदंबरम से अपनी कथित 'अपमानजनक और आपत्तिजनक' टिप्पणी वापस लेने का आग्रह किया था।



जम्मू-कश्मीर में सियासी हलचल

# नए दलों की संख्या बढ़ी, पर नहीं छोड़ पाए छाप

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में बीते एक दशक में नए राजनीतिक संगठनों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है, लेकिन राजनीतिक नेताओं और जानकारों का मानना है कि चुनाव के दौरान ये संगठन कोई खास प्रभाव छोड़ने में विफल रहे हैं।

कश्मीर में बीते दशक में जम्मू-कश्मीर नेशनलिस्ट पीपुल्स फ्रंट, भारत जोड़ो यात्रा, जेके पीपुल्स मूवमेंट, जम्मू-कश्मीर ऑल अलायंस डेमोक्रेटिक पार्टी, जम्मू-कश्मीर वर्कर्स पार्टी, जम्मू-कश्मीर पीस पार्टी और अवामी आवाज पार्टी समेत कई राजनीतिक दल व मोर्चे अस्तित्व में आए हैं।

### लोकतांत्रिक संस्थाएं हों मजबूत: तारिगामी

माकपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने कहा कि इन नए राजनीतिक संगठनों के नेता अकसर धमाकेदार शुरुआत करते हैं, सुरक्षा व अन्य चीजों जैसे संरक्षण का आनंद लेते हैं, और फिर चुनाव में गायब हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि नए राजनीतिक संगठन शुरू करने के बजाय, हमें पूरे जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



### लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पड़ रहा नकारात्मक प्रभाव



पीडीपी नेता वहीद पारा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इन नए संगठनों का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है तथा इनके पास समर्थन तथा वैधता का अभाव है। पारा ने कहा कि ये संगठन लोकतांत्रिक व्यवस्था को केवल ध्वस्त और बदनाम करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल के लोकसभा चुनाव ने उन्हें स्पष्ट रूप से आईना दिखा दिया है। कारोबारी से राजनीतिक नेता बने अल्ताफ बुखारी की जेके अपनी पार्टी और कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद की अगुवाई वाली डीपीएपी का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए पारा ने कहा कि पीडीपी को तोड़कर लगभग तीन दल बना दिए गए जिससे कश्मीर में व्यवस्था तहस-नहस हो गई।

महाराष्ट्र: बजट घोषणाओं पर रार


# दो-तीन महीने में बंद हो जाएगी माझी लड़की बहन योजना: उद्धव ठाकरे

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति(राजग) और विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी नेताओं ने एक दूसरे पर सियासी प्रहार तेज कर दिए हैं।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को एकनाथ शिंदे सरकार पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना' के जरिए महिला मतदाताओं को लुभाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि यह योजना दो-तीन महीने में ही रुक जाएगी। वहीं, सीएम शिंदे ने सत्तारूढ़ गठबंधन के पदाधिकारियों की एक बैठक में उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि हम आमने-सामने काम करते हैं, वर्क फ्रॉम होम नहीं।

उद्धव ठाकरे ने रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में पार्टी कार्यकर्तां को संबोधित करते हुए किसानों के बिजली के बिल माफ करने की योजना की तर्ज पर उनके कर्ज को माफ करने की मांग दोहराई। उन्होंने भाजपा पर महाराष्ट्र में जातियों के बीच खाई पैदा करने का आरोप भी लगाया।



### आरक्षण की सीमा बढ़ाई जाए

ठाकरे ने मांग की कि केंद्र अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हितों को नुकसान पहुंचाए बगैर मराठा और अन्य समुदायों के लिए आरक्षण की सुविधा के लिए संसद में कानून पारित कर 50 फीसदी आरक्षण की मौजूदा सीमा को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि कई योजनाएं शुरू की जा रही हैं। यह चुनाव से पहले महिला मतदाताओं को लुभाने की चाल है। ये योजनाएं केवल दो-तीन महीने के लिए हैं। उनकी (सत्तारूढ़ गठबंधन) सरकार वापस नहीं आएगी और अगर यह वापस भी आती है तो उसके बाद सभी योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा। ठाकरे ने कहा, योजनाओं की घोषणा की जा रही है, लेकिन जब उनके क्रियान्वयन की बात आती है तो सूखा पड़ जाता है। सरकार इन योजनाओं से अपने पापों को छिपाने की कोशिश कर रही है।

### बजट में इन योजनाओं की हुई थी घोषणा

ज्ञात रहे कि पिछले सप्ताह विधानसभा में पेश बजट में उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कई रियायतों की घोषणा की थी। राज्य में विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की संभावना है। पवार ने मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना (महिलाओं को तीन मुफ्त सिलेंडर देने के मकसद से), मुख्यमंत्री युवा कार्यशिक्षा योजना, मुख्यमंत्री कृषि पंप योजना के साथ-साथ मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना (जिसमें 21-60 आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को 1500 रुपय का मासिक भत्ता मिलेगा) और महिलाओं को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की योजना की घोषणा की।

### मिलकर करें काम, विपक्ष को न दें भ्रम फैलाने का मौका: सीएम शिंदे



दूसरी ओर, सीएम शिंदे ने शनिवार को कहा कि महायुति सरकार को राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए मिलकर काम करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विपक्ष को फर्जी खबरें फैलाने का मौका न मिले। सीएम शिंदे ने सरकार की योजनाओं और क्रियान्वयन के बारे में राज्य स्तरीय गठबंधन के पदाधिकारियों की बैठक में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं से यही कहना चाहता हूं कि उनके (विपक्ष के) झूठे बयानों का जवाब दें। जनता को हमारी योजनाओं और फायदों के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि जनता को बताएं कि बजट से उन्हें फायदा होगा, यह सिर्फ चुनावों के लिए नहीं था, यह चुनावों के बाद भी जारी रहेगा।

### कांग्रेस को भ्रष्टाचार पर बोलने का हक नहीं

सीएम शिंदे ने रविवार को भाजपा नीत राजग पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। शिंदे ने कहा कि देश की जनता 2004 से 2014 के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान हुए कई घोटालों से अवगत है। शिंदे ने नागपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस को भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। हमने कोयला आवंटन, राष्ट्रमंडल खेल, अगस्ता हेलिकॉप्टर खरीद आदि में घोटाले देखे हैं।

## जरूरी खबर

### राहुल का मणिपुर दौरा आज, हिंसा पीड़ितों से मिलेंगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सोमवार को मणिपुर का दौरा करेंगे। इस दौरान वह विभिन्न जिलों में हिंसा प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष के. मेघचंद्र के अनुसार, राहुल विमान से दिल्ली से सिल्चर जाएंगे और वहां से मणिपुर के जिरीबाम जिले में जाएंगे। वहां छह जून को हिंसा हुई थी। मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद राहुल गांधी की यह तीसरी यात्रा होगी। वह पिछले साल मई में हसा शुरू होने के कुछ सप्ताह बाद मणिपुर गए थे। इस साल की शुरुआत में ही उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी मणिपुर से निकाली थी।

### LAC पर देश को विश्वास में ले सरकार: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, सरकार को चीन के साथ सीमा पर स्थिति पर देश को विश्वास में लेना चाहिए। उन्होंने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जो क्षेत्र मई 2020 तक भारत के कब्जे में था, वहां चीन अपने सैन्य अड्डे कैसे स्थापित कर सकता है? खरगे ने एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें उपग्रह चित्रों का हवाला देते हुए दावा किया गया कि चीन की सेना पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से खुदाई कर रही है।

### बसपा नेता की हत्या को लेकर स्टालिन पर प्रहार

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सीबीआई जांच की मांग की है। इस बीच तमिलनाडु की पूर्व राज्पाल और भारतीय जनता पार्टी नेता तिमिलिसाई सुंदरराजन ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। सुंदराजन ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए तमिलनाडु में राजनेताओं की बढ़ती हत्याओं के मामले पर सवाल उठाए हैं। भाजपा नेता ने कहा,तमिलनाडु में लगातार हत्याएं बढ़ रहीं हैं।

## रथ यात्रा में शामिल हुईं राष्ट्रपति



*पुरी। ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का उत्सव रविवार को शुरू हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी रथ यात्रा में शामिल हुईं। राष्ट्रपति मुर्मू ने देवी सुभद्रा का रथ भी खींचा।*

### PM मोदी की यात्रा से पश्चिमी देशों को ईर्ष्या: रूस



**नई दिल्ली।** रूस ने 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 9 जुलाई तक प्रस्तावित मास्को यात्रा को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया है। साथ ही कहा है कि पश्चिम देश इस यात्रा को ईर्ष्या से देख रहे हैं। रूस के सरकारी वीजीटीआरके टेलीविजन चैनल के साथ एक साक्षात्कार में क्रेमलिन प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मास्को में कार्यक्रम व्यापक होगा और दोनों नेता अनौपचारिक बातचीत कर सकेंगे। उन्होंने कहा, जाहिर है, एजेंडा व्यापक होगा, अगर इसे अति व्यस्त नहीं भी कहा जाए। यह एक आधिकारिक यात्रा होगी और हमें उम्मीद है कि दोनों प्रमुख अनौपचारिक तरीके से भी बातचीत कर सकेंगे। पेस्कोव ने कहा कि रूसी-भारतीय संबंध रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर हैं।

### कश्मीर: सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी...कुल 6 आतंकी मारे गए

# कुलगाम में टीआरएफ कमांडर सहित दो आतंकवादी और ढेर

एजेंसी | श्रीनगर

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में जारी दो भीषण मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने रविवार को द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के कमांडर सहित दो और आतंकियों को मार गिराया। मारे गए दोनों आतंकी शोपियां जिला के रहने वाले हैं। मारा गया टीआरएफ कमांडर आदिल हुसैन वर्ष 2022 में शोपियां में सेब के बाग में हुई की टारगेट किलिंग सहित दर्जनों वारदात में शामिल था।

इस तरह कुलगाम जिले में शनिवार को शुरू हुई दो मुठभेड़ों में छह आतंकवादी मारे गए हैं। इसके अलावा दो जवान भी शहीद हुए हैं। दूसरी ओर कुलगाम में सेना की कार्रवाई से हताश आतंकवादियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में सेना के शिविर पर हमले किया जिसमें एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुलगाम जिले के 2 गांवों में शनिवार को मुठभेड़ शुरू हुई थी। अधिकारियों ने बताया, मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। चिन्नीगाम मुठभेड़ स्थल से 4 आतंकवादियों के शव बरामद किए गए थे। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पैरा कमांडो समेत 2 सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मुठभेड़स्थल से भारी मात्रा में गोला बारूद भी बरामद हुआ है और दोनों जगह सैन्य अभियान अब भी जारी है।



जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कुलगाम मुठभेड़ में 6 आतंकवादी मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि आतंक विरोधी ऑपरेशन जोर पकड़ रहे हैं। स्वैन ने कहा, 'सुरक्षा बलों के लिए यह मील का पत्थर है। ये सफलताएं सुरक्षा माहौल को मजबूत करने में अहम हैं। लोग आतंकवाद को खत्म करने के लिए एक साथ आ रहे हैं और इस तरह के ऑपरेशन गति पकड़ रहे हैं। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में प्रादेशिक सेना के शिविर पर रविवार तड़के गोलीबारी की। उन्होंने कहा, सेना के जवानों ने तेजी से कार्रवाई की और अपनी पोजीशन ले ली और गोलीबारी का करारा जवाब दिया।

#### नार्को-आतंकवाद सांठगांठ मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** केंद्रीय जांच एजेंसी ने मादक पदार्थों के तस्करों और आतंकवादियों के बीच सांठगांठ मामले में रविवार को एक प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए के बयान में कहा गया कि यह आरोपी जून, 2020 से फरार था। उन्होंने बताया कि यह मामला पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़ा है। बयान के अनुसार, कुपवाड़ा जिले के निवासी सैयद सलीम जहांगीर अंद्राबी उर्फ सलीम अंद्राबी की गिरफ्तारी पर इनाम रखा गया था। अंद्राबी के खिलाफ स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम अधिनियम, आईपीसी और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया। उसकी गिरफ्तारी नार्को-आतंकवादी सांठगांठ को खत्म करने के मकसद से की गई। साथ ही, सीमा पार स्थित आतंकवादी संगठनों की ओर से भारत में बनाए गए पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने के एनआईए के प्रयासों के लिए एक बड़ी सफलता है।

### चिंताजनक: अध्ययन में हुआ खुलासा

# उत्तर भारत में भूजल में आई 450 क्यूबिक किमी की कमी

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में वर्ष 2002 से लेकर वर्ष 2021 के दौरान उत्तर भारत में लगभग 450 क्यूबिक किलोमीटर भूजल कम हुआ है। एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से आने वाले वर्षों में भूजल स्तर में और भी कमी आने की आशंका है। आईआईटी गांधीनगर में सिविल इंजीनियरिंग और पृथ्वी विज्ञान के विक्रम साराभाई चेयर प्रोफेसर और प्रमुख लेखक विमल मिश्रा ने कहा कि जितना भूजल स्तर कम हुआ है, वह भारत के सबसे बड़े जलाशय इंदिरा सागर बांध की पूरी क्षमता से लगभग 37 गुना अधिक पानी है। हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के शोधकर्ताओं की टीम ने अध्ययन में कहा है कि मानसून के दौरान कम बारिश और गर्म होती सर्दी से सिंचाई के लिए पानी की मांग बढ़ेगी और भूजल के रिचार्ज होने में कमी आएगी।

#### भूजल संसाधनों पर दबाव और बढ़ेगा

अध्ययन में पता चला है कि शुष्क मानसून के कारण, वर्षा की कमी के चलते भूजल पर निर्भरता बढ़ी है, साथ ही गर्म सर्दियों के कारण मिट्टी शुष्क हो रही है, जिससे फिर से अधिक सिंचाई की आवश्यकता पड़ रही है। अध्ययन में बताया गया है कि पृथ्वी के गर्म होने के साथ भूजल में कमी जारी रह सकती है, क्योंकि भले ही जलवायु परिवर्तन के कारण अधिक वर्षा होती है, लेकिन इसका अधिकांश हिस्सा चरम घटनाओं के रूप में होने का अनुमान है, इससे भूजल रिचार्ज नहीं हो पाता है। मानसून में बारिश की कमी और उसके बाद सर्दियों के गर्म होने के कारण भूजल रिचार्ज में लगभग 6-12 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

### हाथरस दुखांतिका

# दो और सेवादार गिरफ्तार, अब तक ग्यारह लोगों को पुलिस ने पकड़ा

एजेंसी | हाथरस

उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़ के मामले में पुलिस ने दो और सेवादारों को गिरफ्तार किया है। इनमें मैनपुरी के दुरवेश और दलवीर पाल शामिल हैं। इन्हें मिलाकर घटना में अब तक 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मुख्य आरोपित देव प्रकाश मधुकर को पहले ही दिल्ली से पकड़ा जा चुका है। वहीं फिरोजाबाद, मैनपुरी, हाथरस जनपद से आठ अन्य सेवादार और गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस उन सेवादारों की पहचान करने में भी जुटी है, जिन्होंने भीड़ को रोका और फिर धकेलने तथा साक्ष्य छुपाने का प्रयास किया था। मामला दबाने और साक्ष्य छुपाने का मुकदमा इनके खिलाफ दर्ज है। इसके लिए वीडियो और फोटो देखे जा रहे हैं। कई लोगों से पूछताछ की गई है।

#### तलाश में लगीं 12 टीमें

आरोपितों की तलाश में पुलिस की 12 टीमें लगी हैं। इनमें आगरा-नोएडा की एसटीएफ भी शामिल हैं। आगरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, अलीगढ़, मथुरा की एसओजी की टीमों के साथ-साथ पुलिस की टीमें धरपकड़ में लगी हुई हैं। ये टीमें आसपास के जिलों के अलावा हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान तक गई हैं।


### मुंबई BMW हिट एंड रन केस

# शिवसेना (शिंदे) नेता अरेस्ट, बेटा फरार

एजेंसी | मुंबई

मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार सुबह बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी, जिसमें उस पर सवार एक महिला कावेरी की मौत हो गई। जबकि उसका पति घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रदीप तो सड़क पर गिर गए पर कावेरी गाड़ी के नीचे आकर आधे किलोमीटर तक कार के बंपर में अटकी रही और घिसटकर उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना के नेता राजेश शाह और उनके ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पहले दोनों को कई घंटे तक हिरासत में रखा गया, जिसके बाद शाम को गिरफ्तारी कर लिया गया। पुलिस ने बताया था कि तेज रफ्तार से चल रही बीएमडब्ल्यू कार को शिवसेना नेता राजेश शाह का 24 वर्षीय बेटा मिहिर चला रहा था। मिहिर को अभी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए चार टीमों का गठन किया गया है। शिवसेना नेता राजेश शाह महाराष्ट्र के पालघर में पार्टी के डिप्टी लीडर हैं। उनको और उनके ड्राइवर राजेंद्र सिंह बिजावत को पुलिस के साथ सहयोग नहीं करने के आरोप में अरेस्ट कर लिया गया, जिसके बाद सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। दोनों के खिलाफ नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है।



इसमें गैर-इरादतन हत्या, लापरवाही से गाड़ी चलाने और सबूत नष्ट करने जैसी धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ है। साथ ही, मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों को भी लागू किया गया है। जिस बीएमडब्ल्यू गाड़ी से हादसा हुआ, वह मिहिर शाह के नाम पर रजिस्टर्ड थी।

### IAF की नई पहल

# IAF लॉन्च करेगी अपना उपग्रह, सीमा पर होगी निगरानी

- अंतरिक्ष स्टार्ट-अप पिक्सल उपग्रह बनाएगी
- वायुसेना करेगी उपग्रह का संचालन

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना एक नई पहल के तहत अगले वर्ष के मध्य तक उपग्रह लॉन्च कर सकती है। जिससे देश की सीमाओं और उससे परे भी निगरानी रखने की उसकी क्षमताएं मजबूत होंगी। वायुसेना ने बेंगलुरु में अंतरिक्ष स्टार्ट-अप पिक्सल स्पेस के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं। 'पिक्सल स्पेस' की स्थापना बिट्स पिलानी के युवा उद्यमियों अवैस अहमद और क्षितिज खंडेलवाल ने की थी। अहमद ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि 2025 के मध्य तक उपग्रह को लॉन्च कर दिया जाए। कंपनी की योजना इस साल छह और अगले साल 18 सेटेलाइट लॉन्च करने की है। अहमद ने यहां बताया कि पिक्सल का काम सैटेलाइट का निर्माण करना और उसे वायुसेना को सौंपना है और अंतरिक्ष यान का संचालन वायुसेना करेगी। उन्होंने कहा, वायुसेना के लिए आईडीईएक्स (रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार) की बात की जाए तो संचालन हमारी चिंता का विषय नहीं है। सैटेलाइट का मुख्य काम सीमाओं, अवैध परीक्षण आदि पर नजर रखना होगा लेकिन सैटेलाइट का संचालन हम नहीं करेंगे।



फाइल फोटो

#### नवाचार के लिए तैयार होगा परिवेश

रक्षा मंत्रालय की पहल 'रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार'( इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस -आइडीईएक्स) का उद्देश्य उद्योग को शामिल कर रक्षा और एयरोस्पेस में नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने के लिए एक परिवेश तैयार करना है। पिक्सल ने लघु बहु-पेलोड सैटेलाइट की आपूर्ति के लिए आईडीईएक्स के तहत वायुसेना के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार के तहत पिक्सल इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल, इन्फ्रारेड, सिंथेटिक एपर्चर रडार और हाइपरस्पेक्ट्रल के लिए 150 किलोग्राम तक के छोटे उपग्रहों को विकसित करेगा।

#### क्षुद्रग्रहों के बारे में जानना चाहती है पिक्सल

पिक्सेल की नजर सिस-लूनर स्पेस पर भी है जो पृथ्वी और चंद्रमा की कक्षा के बीच का क्षेत्र है। अहमद ने कहा कि कंपनी क्षुद्रग्रहों का अध्ययन करने के लिए चंद्र कक्षाओं में उपग्रह स्थापित करना चाहती है ताकि वहां बहुमूल्य संसाधनों का पता लगाया जा सके।

#### बांग्लादेशी की सीमा पर AI कैमरों से निगरानी

अगरतला। भारत-बांग्लादेश सीमा पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) युक्त कैमरे से निगरानी की जा रही है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से इन विशेष कैमरों का उपयोग सुरक्षा बढ़ाने और घुसपैठियों की रोकथाम के लिए किया जा रहा है। बीएसएफ के अधिकारियों का कहना है कि कैमरे और चेहरे की पहचान करने वाले उपकरणों सहित अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग से सीमा पर निगरानी बढ़ाई गई है। इससे घुसपैठ, अपराध और अन्य अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा। बीएसएफ के त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक ने बताया कि संवेदनशील सीमा चौकियों पर जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है और सीमावर्ती क्षेत्रों में दलालों और तस्करों के नेटवर्क पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान शुरू किए गए हैं।

### देशभर में बारिश: गोवा में फंसे 80 पर्यटक बचाए

**नई दिल्ली/ देहरादून।** लगातार हो रही वर्षा से देश के कई इलाकों में हालात बिगड़ गए हैं। गोवा के सत्तारी तालुका में पाली वाटरफॉल में रविवार को भारी बारिश के कारण अचानक जलस्तर बढ़ गया। इसके चलते वहां पर 80 पर्यटक फंस गए थे जिन्हें बचा लिया गया है। असम में बाढ़ से हालात विकट हैं। उत्तराखंड में भारी वर्षा के अलर्ट को देखते हुए रविवार को चारधाम यात्रा स्थगित रही। यदि मौसम सही हुआ तो सोमवार को यात्रा शुरू होगी। हरियाणा में शनिवार रात से शुरू वर्षा रविवार सुबह तक जारी रही। उत्तराखंड में एक सप्ताह से भारी वर्षा होने के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन हो रहा है, जिससे संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो रहे हैं।

## गोविंददेवजी मंदिर में रथयात्रा महोत्सव मनाया, कृष्ण बलराम मंदिर में आज

# गौर गोविंद चांदी के रथ पर विराजे जगन्नाथ आज करेंगे नगर भ्रमण

**जयपुर।** ठिकाना मंदिर गोविंददेवजी में रविवार को रथयात्रा महोत्सव मनाया गया। इस दौरान भगवान के गौर गोविंद विग्रह को चांदी के रथ पर विराजमान कर रथयात्रा निकाली गई। सोमवार को हरे कृष्ण मूवमेंट की ओर से श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान भगवान जगन्नाथ हाइड्रोलिक रथ में सवार होकर भक्तों को आशीर्वाद देंगे।



### मंदिर की चार परिक्रमा कर गर्भगृह में हुए विराजमान

गोविंददेवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने गौर गोविंद विग्रह को चांदी के रथ पर विराजमान किया और रथयात्रा प्रारंभ की गई। मंदिर की चार परिक्रमा के बाद गौर गोविंद श्री विग्रह को पुनः रथ समेत गर्भगृह में विराजमान किया गया। उसके पश्चात धूप की आरती दर्शन हुए। इस दौरान गोविंददेव जी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इससे पहले सुबह मंगला झांकी ठाकुर श्रीजी का अभिषेक किया गया और नवीन लाल रंग लप्पा जामा पोशाक धारण करवाई गई और विशेष अलंकार श्रृंगार और माला श्रृंगार किया गया। ठाकुर श्रीजी को पांच तरह की दाल भिजोना और पांच तरह के ऋतु फलों का भोग लगाया गया। सुबह 6:30 बजे माधवीय गौडिया वैष्णव मंडली और मंदिर परिकर की ओर से मंगलाचरण और महामंत्र संकीर्तन प्रारंभ किया गया।



## हाइड्रोलिक रथ पर निकलेंगे भगवान

उधर, हरे कृष्ण मूवमेंट की ओर से भगवान जगन्नाथ की वार्षक रथयात्रा सोमवार को निकाली जाएगी। इस दौरान भक्त भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का आशीर्वाद लेंगे। इसकी तैयारियां श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में की जा रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी होंगे। रथयात्रा शाम 6:00 बजे कलेक्टरेट सर्कल, जयपुर होटल से रवाना होगी। इसके बाद खासा कोठी पुलिया, गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा (एमआई रोड), पांच बत्ती सर्किल से अजमेरी गेट फिर न्यू गेट से होते हुए अल्बर्ट हॉल म्यूजियम रोड की ओर से शाम 8:15 बजे शिव सत्संग भवन पर पहुंचकर समाप्त होगी। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुबद्रा हाइड्रोलिक रथ पर सवार होकर गुलाबी नगरी में भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए निकलेंगे। रथ को बहुत ही सुन्दर फूलों और रंग बिरंगी रौशनी से सजाया गया है। रथ के साथ गौर निताई आगे चलेंगे। हजारों भक्तगण रथ को हाथों से खींचते हुए आगे बढ़ेंगे और करताल और मृदंग के साथ भगवान् का गुणगान करते हुए नृत्य करेंगे। इस दौरान गुलाबी नगरी महासंकीर्तन की ध्वनि से गूंज उठेगी। यात्रा के दौरान भक्तों को प्रसाद



और फल आदि का वितरण किया जाएगा। मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास ने रथयात्रा के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जो व्यक्ति भगवान् जगन्नाथ को उनके रथ पर देख लेता है उसका फिर भौतिक जगत में दोबारा जन्म नहीं होता है और जो भक्त भगवान के रथ को अपने हाथों से खींचते हैं, उनके सारे पापों का नाश हो जाता है।

## शिविर में 64 यूनिट रक्त एकत्र डोनर्स का पौधे देकर सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** अर्हम फाउंडेशन के तत्वावधान में भगवान महावीर ब्लड बैंक के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 64 युनिट रक्त एकत्र हुआ। अर्हम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैराठी की जयंती पर आदिनाथ कॉलोनी में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में विधायक कालीचरण सराफ, सीएमएचओ रवि शेखावत, राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा', राजस्थान जैन युवा महासभा के अध्यक्ष प्रदीप जैन 'लाला', जय जवान कॉलोनी जैन मंदिर के अध्यक्ष अशोक जैन नेता, पूर्व पार्षद आशा काला, आदिनाथ कॉलोनी अध्यक्षा उमा शर्मा, सुलेखा शाह, मृदुला पाटनी आदि उपस्थिति रहे। फाउंडेशन की सचिव अंजू बैराठी ने बताया कि यह फाउंडेशन का चौथा रक्तदान शिविर है। शिविर में विशेष सहयोग प्रमोद जैन, रिंकी कर्णावत, रमेश जैन, प्रभादेवी निगोतिया का रहा। इस मौके पर अर्हम फाउंडेशन के अंजू बैराठी, महेन्द्र मित्तल, सम्यक बैराठी, राजेन्द्र जैन और अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया।

## 'नेचर लवर्स' ने किया पौधरोपण




**बेधड़क. जयपुर।** नेचर लवर्स ग्रुप की ओर से चलाए जा रहे 'एक पेड़-देश के नाम, एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 7 जुलाई को चित्रकूट सेक्टर 4 के पार्क में पौधरोपण किया गया। नेचर लवर्स ग्रुप के अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता ने बताया कि नीम, जामुन, केला, पीपल, आमला, कनेर ,सेमल, बेलपत्र आदि के पौधे लगाए। कार्यक्रम में नेचर लवर्स ग्रुप की टीम के साथ सेक्टर 4 विकास समिति के पदाधिकारी एवं मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## City इवेंट्स

### लायंस क्लब हवामहल के सदस्यों ने देखा राजभवन संविधान पार्क



**बेधड़क. जयपुर।** लायंस क्लब जयपुर हवामहल के सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष अंकित खंडेलवाल के नेतृत्व में राजभवन स्थित देश के पहले संविधान पार्क का दौरा किया। इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र को पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया और जयपुर को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। क्लब के सचिव प्रकाश रावत और नमित माथुर ने बताया कि सर्वप्रथम सभी सदस्यों ने संविधान की डॉक्यूमेंट्री देखी। उसके बाद संविधान पार्क के भ्रमण के दौरान भारत के संविधान को मूर्तरूप में लाने की पूरी प्रक्रिया को समझा। कार्यक्रम संयोजक कैलाश खंडेलवाल के बताया कि इस कार्यक्रम में सुरेश कालानी, डॉ. एके भार्गव, दिनेश गुप्ता, सुधीर तांबी, कैलाश गुप्ता, अभिनव महरवाल, एसएन गुप्ता, अनूदीप ठुकराल, आरएन खंडेलवाल, सुरेंद्र विजयवर्गीय सहित सभी सदस्यों ने संविधान से जुड़ी जानकारी ली। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में सभी से संविधान के अनुसार अपने अधिकारों को जानने और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आदि के जीवन से प्रेरणा लेकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने पर जोर दिया।

### 'बर्फ' में मंच पर उभरकर आई एक मां के अपना बेटा खो देने की पीड़ा



**बेधड़क. जयपुर।** परम्परा नाट्य समिति की ओर से रविन्द्र मंच के स्टूडियो थिएटर में रविवार को सौरभ शुक्ला के नाटक बर्फ का मंचन हुआ। नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी दिलीप भट्ट ने किया। नाटक में बताया कि अपनी जमीन को छोड़ने का दुख कितना गहरा होता है। जेहादियों के संघर्ष में एक मां अपने बेटे को खो देती है। यह कश्मीर के एक घर की कहानी है, जिसमें सब्र की मिठास जब टूटी की कुछ लोग अपनी जमीन को छोड़कर चले जाते हैं। गुलाम रसूल और नफीसा अकेले रह जाते हैं। वह अपनी जगह नहीं छोड़ते हैं। सब अपनी जगह छोड़ देते हैं। नफीसा संघर्ष करती है और अपने पति और कश्मीर को नहीं छोड़ती है। उसका जिगरा भी जिहाद में दम तोड़ देता है इस पर वह पागल हो जाती है। बस यही कहानी को चरित्रार्थ करता नाटक हकीकत को बयां करता है और यही संदेश देता है की कोई इंसान मूर्ति में भी जिंदा जीवन को देखता है। इसमें गुलाम रसूल ( महेश महावर), नफीसा बानो (डॉ. अपूर्वा सक्सेना) और डॉक्टर कॉल ( हर्ष भट्ट) ने काम किया। मंच पार्श्व में संगीत आमिर हसन, प्रकाश नरेंद्र बब्बल, मंच सहायक सचिन भट्ट वेशभूषा, विजय लक्ष्मी, कुमकुम भट्ट रहे।

### हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी का उर्स संपन्न

## मीर जी की दरगाह पर मुरीदों से लिया एक पेड़ लगाने का वादा



**बेधड़क | जयपुर**

संसार चंद रोड स्थित मीर जी दरगाह में हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी के आठवें उर्स का कुल की रस्म के साथ समान हुआ। इस मौके पर मुरीदों से एक पेड़ लगाने का वादा लिया गया। दरगाह के सज्जादा नशीन डॉक्टर सैयद हबीब उर रहमान नियाजी ने बताया कि तीन दिन के उर्स मुबारक में अलग-अलग दिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित हुए। पहले दिन मशहूर क्सालिकल फनकारों ने अपने फन पेश किया। दूसरे दिन सुबह कुरानखानी हुई और दरगाह को गुसल दिया गया। शाम को मगरिब के बाद चादरों का सिलसिला शुरू हुआ। अकीदतमंदों ने अपनी मुरादों की चादर पेश की।

रात में कव्वाली की महफिल सजी जो देर रात तक चली। इसमें बॉलीवुड फेम साबरी बंधुओ ने कलाम पेश किया। तीसरे दिन कुल की रस्म के साथुरा का समापन हुआ। इस मौके पर देश में में अमन और भाईचारा बना रहे, इसके लिए दुआ की गई। सभी मुरीदों से वादा लिया की एक पेड़ जरूर लगाएंगे। उन्होंने बताया कि देशभर से हजारों की तादाद में मुरीद जयपुर पहुंचे और अपने अकीदत के फूल पेश किए। अपनी दुआएं और मन्नतें मांगी। तीनों दिन यहां लंगर का प्रोग्राम रहा, हजारों लोगों ने लंगर खाया।

### केंद्रीय वन मंत्री और MP CM के साथ किया पौधारोपण

## जयपुर के लांबा बने इंदौर ग्रीन सिटी अभियान के ब्रांड एंबेसेडर



**बेधड़क | जयपुर**

स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले इंदौर शहर को अब क्लीन से ग्रीन सिटी बनाने के लिए 51 लाख पौधे लगाए जाने को लेकर जन जागरूकता और पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। ट्री मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर पर्यावरणविद विष्णु लाम्बा को इस अभियान का ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किया गया है। इसके लिए नगर निगम इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पत्र भेजकर आमंत्रित किया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सात वर्ष की आयु में अपना घर छोड़ चुके विष्णु लाम्बा अब तक देश के बाइस राज्यों और दुनिया के तेरह देशों में एक करोड़ से अधिक पौधे लगाकर संरक्षित कर चुके हैं। उनके इसी जमीनी स्तर के अनुभव को ध्यान में रखते हुए इतने बड़े अभियान का नेतृत्व सोपा गया है। गौरतलब है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का आह्वान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। अभियान का नेतृत्व मंत्री केलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव कर रहे हैं। अभियान का शुभारंभ केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, आभियान के ब्रांड एम्बेसडर विष्णु लाम्बा आदि ने पोधारोपण के साथ किया।

**परिवार जोड़ो प्रकल्प** | जयपुर में शुरू हुआ 'आनंदमय जीवन सीनियर सिटीजन क्लब'

# शांति के लिए धर्म, संस्कार और परम्परा से जुड़े रहना जरूरी

**बेधड़क | जयपुर**

विश्व जागृति मिशन के संस्थापक आचार्य सुधांशु ने कहा है कि जीवन में आनंद और शांति के लिए हमें धर्म, संस्कृति, संस्कार और परम्पराओं से जुड़े रहना जरूरी है। घर, परिवार में माता-पिता और बुजुर्गों के आदर और समाज में वरिष्ठजनों के सम्मान की परंपरा से ही हम अपने मूल स्रोत से जुड़े रहकर परमात्मा से जुड़े रह सकते हैं।

इसी उद्देश्य से विश्व जागृति मिशन के तहत परिवार जोड़ो प्रकल्प चलाया जा रहा है। विजामि प्रमुख सुधांशु महाराज ने यह बात रविवार को जयपुर मंडल के परिवार जोड़ो अभियान के तहत 'आनंदमय जीवन सीनियर सिटीजन क्लब' की शुरुआत के मौके पर प्रसारित विशेष वीडियो संदेश में कही। उन्होंने कहा कि 'आनंदमय जीवन सीनियर सिटीजन क्लब' बुजुर्गों की मानसिक समस्याओं के निराकरण और उनके एकाकीपन को दूर करने के साथ ही उनको हर दिन चुस्त-दुरूस्त रखते हुए परिवार में आनंद के साथ बेहतर जीवन जीने का माहौल देने का अनूठा प्लेटफार्म है।





### मंदिर परिसर में आयोजन

आदर्श नगर में बीस दुकान स्थित सोमश्वर महादेव मंदिर परिसर में 'परिवार जोड़ो अभियान' की केन्द्रीय टीम के सदस्यों राजेश गम्भीर, जेएल रस्तोगी और आनंद मित्तल की उपस्थिति में 'आनंदमय जीवन सीनियर सिटीजन क्लब' का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जयपुर मंडल के प्रधान मदनलाल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दास गंगवानी, महासचिव दिनेश चंद गुप्ता, हेम कुमार भार्गव, आशीष माथुर, दिलीप हिरारमानी और गोपाल बजाज, कांता भल्ला एवं संतोष सिहाग आदि मौजूद रहे।

### बुजुर्ग महिला और पुरुषों का सम्मान

इस दौरान आचार्य मोहन शास्त्री और विष्णु शास्त्री के सानिध्य में हवन, गुरु वंदना और पूजन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्ग महिला और पुरुषों का सम्मान भी किया गया। आने वाले दिनों में परिवार जोड़ो अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जो कॉआर्डिनेटर्स और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य करेंगे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, सोमवार, 08 जुलाई, 2024





लोग भले ही आप को नाम से जानते हो, लेकिन याद हमेशा स्वभाव से ही रखते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### मध्य गाजा में विस्थापित फिलिस्तीनी परिवारों के पनाहगाह बने स्कूल पर एयर स्ट्राइक!

# इजराइल की बमबारी में 16 की मौत... करीब 75 घायल



**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल के सुरक्षाबलों ने मध्य गाजा में शनिवार को विस्थापित फिलिस्तीनी परिवारों के पनाहगाह बने एक स्कूल को निशाना बनाया। इस हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए हैं और करीब 75 से लोग घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये जानकारी दी है, जबकि इजराइल का कहना है कि हमले में आतंकियों को निशाना बनाया गया था।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शनिवार को मध्य गाजा में विस्थापित फिलिस्तीनी परिवारों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजराइली हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अल-नुसीरात में स्कूल पर हुए हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए और करीब 75 घायल हो गए। गाजा सिविल इमरजेंसी सर्विस के प्रवक्ता महमूद बसल ने एक बयान में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर है। हमले का मतलब है कि इलाके में कोई भी जगह उन परिवारों के लिए सुरक्षित नहीं है।

## आतंकी ठिकानों पर किया हमला

इन हमलों पर बोलते हुए इजराइली सेना ने कहा कि उसने बंदूकधारियों को निशाना बनाने से पहले नागरिकों के लिए जोखिम को कम करने के लिए सावधानी बरती थीं। जो सैनिकों के खिलाफ हमले की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए इलाके को ठिकाने के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। वहीं, हमास का कहना है कि जहां इजराइली सेना से हमला किया वहां उनके लड़के नहीं थे।

### मृतकों में बच्चे भी होने का दावा

घटनास्थल पर अयमान अल-अटौनेह ने कहा कि उन्होंने मृतकों में बच्चों को देखा है। उन्होंने कहा, जहां इजराइली सेना ने हमला किया, हम वहां दौड़कर आए। हमने टुकड़ों में बच्चों के शव देखे हैं, यह एक खेल का मैदान है, यहां एक ट्रैम्पोलिन था, झूले-सेट और कई सामने बेचने वाले लोग थे।

### 24 घंटे में मरे 29 लोगों में 5 पत्रकार

अपडेट में गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में इजराइली सैन्य हमलों में कम से कम 29 फिलिस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। गाजा मीडिया कार्यालय के अनुसार शनिवार को में पांच स्थानीय पत्रकार भी मारे गए।

### नेपाल में भारी बारिश के बाद लैंड स्लाइड

# अब तक 47 की मौत

**32 जिले प्रभावित... 77 जगह भारी बारिश, 46 मकान गिरे, 36 क्षतिग्रस्त**

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल अभी भूंकप की मार से उबरा भी नहीं कि बुधवार रात को वहां 6 गावों में भारी बरसात के बाद लैंडस्लाइड से 47 लोगों की मौत हो गई। लैंडस्लाइड से 10 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने और कई के लापता होने की भी खबर है। तापलेजंग जिले के मुख्य जिला अधिकारी सुरेंद्र भट्टराई ने बताया, 'लैंडस्लाइड की घटना तापलेजंग जिले में देर रात तब हुई, जहां यहां लोग सोए हुए थे।'

डीएसपी शांति राज कोईराला ने बताया, 'मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। लैंडस्लाइड से दर्जनों घर जलमग्न हो गए हैं। वहां तैनात पुलिस की एक टीम भी चट्टानें खिसकने से फंस गई है।'

नेपाल में पहाड़ों पर मानसून सीजन में लैंडस्लाइड होना बहुत आम है। अभी यह देश 25 अप्रैल को आए भूकंप से हुई तबाही से भी नहीं उबरा है, जिसमें 9 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। दो दिन पहले भी नेपाल में भूकंप के तीन झटके महसूस किए गए थे।



### कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात

सामाजिक सुरक्षा मंत्री डोल प्रसाद आर्यल ने बैठक के दौरान कहा कि, "अब तक बाढ़ की कुल 55 घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई है। इसमें एक शख्स लापता हो गया और दो घायल हुए हैं, जबकि भूस्खलन में 24 लोगों की मौत हुई है। जबकि 19 लोग घायल हुए हैं। इस दौरान देश के कुल 77 स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई है। भारी बारिश के चलते 46 मकान गिर गए हैं जबकि 36 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। भारी बारिश के चलते देश के 32 जिले प्रभावित हुए हैं।"

### सितंबर तक रहेगा मानसून

बता दें कि हिमालयी राष्ट्र में मानसून का मौसम आम तौर पर 13 जून को शुरू होता है और 23 सितंबर को समाप्त होता है। पिछले साल, यह सामान्य शुरुआत के दिन से एक दिन देरी से 14 जून को शुरू हुआ था। बता दें कि नेपाल में वार्षिक आधार पर मानसून के दौरान भूस्खलन और बाढ़ के कारण हर साल कई लोगों की मौत होती है।

### काठमांडू में बारिश का सिलसिला जारी

नेपाल की राजधानी काठमांडू में बारिश का सिलसिला जारी है। भारी बारिश के चलते शहर के ज्यादातर इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके बाद यहां बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। नेपाल में अगले तीन महीनों तक मानसूनी बारिश का दौर देखने को मिलेगा। जिसके चलते निचले और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों के सामने कई तरह की चुनौतियां पैदा हो गई हैं।

### नई स्टडी में लाल ग्रह पर खुलासा

# मंगल ग्रह पर रोजाना बरसती है 'आग'

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

मंगल ग्रह से जुड़ा एक नया शोध आया है जो वैज्ञानिकों को हैरान कर रहा है। वैज्ञानिकों को पता चला है कि मंगल ग्रह पर लगभग एक उल्कापिंड हर रोज गिरता है। नासा के इनसाइट मिशन के आंकड़ों के मुताबिक यह अनुमान से 10 गुना अधिक उल्कापिंड हैं।

ग्रह को बेहतर ढंग से समझने के लिए शोध में मार्सक्वेक या भूकंपीय गतिविधि के डेटा का इस्तेमाल किया गया है। 'वेरी हाई-फ्रीक्वेंसी मार्सक्वेक सांख्यिकी से मंगल पर प्रभाव दर का एक नया अनुमान' नाम की स्टडी नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई है। अध्ययन में कहा गया है कि लाल ग्रह पर हर साल लगभग 280 से 360 बास्केटबॉल के आकार का उल्कापिंड गिरता है।



### जोखिम की मिलेगी जानकारी

मंगल का अध्ययन करके वैज्ञानिक उल्कापिंडों से पृथ्वी को होने वाले जोखिम को भी बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। निष्कर्षों से मंगल ग्रह पर रोबोटिक और मानव दोनों तरह के मिशनों के लिए सुरक्षा उपाय तैयार करने में मदद मिलेगी। ब्राउन यूनिवर्सिटी के इंग्रिड डाउबर ने कहा कि ग्रहों पर उल्कापिंड हर समय गिरते हैं।

### 'ब्रह्मांडीय घड़ी है उल्कापिंड'

शोधकर्ताओं में से एक इंपीरियल कॉलेज लंदन के नतालिया वोज्सिका ने कहा कि वे भूकंपीय डेटा का उपयोग करके मंगल ग्रह के भूवैज्ञानिक इतिहास और विकास की समयरेखा को एक साथ जोड़ सकते हैं। स्पेस डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा, 'आप इसे एक प्रकार की ब्रह्मांडीय घड़ी की तरह सोच सकते हैं, जो हमें मंगल ग्रह की सतहों और शायद आगे चलकर सौर मंडल के अन्य ग्रहों की तारीख तय करने में मदद करेगी।'

### चीन के आगे झुका श्रीलंका, भारत की बढ़ेगी टेंशन!

# 'जासूसी' जहाजों को आने की दी मंजूरी

**कोलंबो।** श्रीलंका की सरकार ने अपने जल क्षेत्र में रिसर्च के लिए आने वाले जहाजों पर लगे बैन हटाने का फैसला लिया है। श्रीलंका अगले साल विदेशी अनुसंधान जहाजों पर से प्रतिबंध हटाएगा। श्रीलंका का ये फैसला चीन के लिए हिमायत की तरह देखा जा रहा है।

वहीं भारत के लिए सुरक्षा की दृष्टि से ये चिंता का सबब है क्योंकि रिसर्च के नाम पर चीन के जहाज पड़ोसी देशों में जासूसी करते रहे हैं। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने इसका ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि हम अलग-अलग देशों के लिए अलग-अलग नियम नहीं बना सकते हैं। हम दूसरे देशों को इजाजत देकर सिर्फ चीन को ब्लॉक नहीं कर सकते हैं। इस साल जनवरी में श्रीलंका ने विदेशी शोध जहाजों की यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया था, जिसे अब हटाया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अली साबरी ने कहा है कि श्रीलंका अगले साल से अपने बंदरगाहों पर विदेशी शोध जहाजों को आने की अनुमति देगा। साबरी ने हाल ही में टोक्यो की अपनी यात्रा के दौरान जापानी सरकारी मीडिया एनएचके वर्ल्ड से बात करते हुए ये टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि हम अलग नियम नहीं रख सकते और केवल चीन को ही रोक सकते हैं।

हम ऐसा नहीं करेंगे। हम किसी का पक्ष नहीं लेंगे। अपने साक्षात्कार में सबरी ने कहा कि यह कदम श्रीलंका को अपना खुद का सर्वेक्षण करने, डाटा एकत्र करने और इसे बाकी दुनिया के साथ साझा करके व्यावसायिक रूप से दोहन करने का अवसर देगा।








सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

## “सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl